आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-05 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-289 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in

Web: www.tarunchhattisgarh.in facebook.TarunChhattisgarh Twitter - Tchhattisgarh36 Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

मंत्री ओपी चौधरी के बंगले के बाहर बर्खास्त सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन

रायपुर,18 जनवरी। राजधानी रायपुर से बड़ी खबर निकलकर सामने आई है. वित्तमंत्री ओपी चौधरी के बंगले के बाहर बर्खास्त सहायक महिला शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं. ये महिला शिक्षिकाएं समायोजन की मांग को लेकर नारेबाजी कर रही हैं. मौके पर पुलिस बल मौजूद है. जानकारी के अनुसार, पिछले 15 महीनों से सहायक शिक्षक पद पर नौकरी कर रहे थे. आज संयोजन की मांग को लेकर मंत्री बंगले के बहार प्रदर्शन कर रहे हैं. पुलिस की चेतावनी के बाद भी प्रदर्शनकारी हटने को तैयार नहीं है. पिछले दो घंटों से प्रदर्शन जारी है. प्रदर्शन करने पहुंची महिला शिक्षकाओं ने ने बताया सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे. हमें बर्खास्त कर दिया गया है. अब समायोजन की मांग कर रहे हैं. हमें समायोजित किया जाए. समायोजन के लिए जो कमेटी गठित की गई, वह कब रिपोर्ट देगी, क्या इसका कोई डेट नहीं दिया गया है.

रिश्वत लेते राजस्व अधिकारी गिरफ्तार

कांकेर,18 जनवरी। छत्तीसगढ़ की एसीबी ने राजस्व विभाग के भ्रष्ट अधिकारी पर बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने 20 हजार की रिश्वत लेते राजस्व विभाग के निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी ने डायवर्सन के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। राजस्व निरीक्षक का नाम संतोष कुमार टोप्पो है। दरअसल, प्रार्थी नरसिंह उयके, ग्राम महेन्द्रपुर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, जगदलपुर में शिकायत की कि उनके नाम पर ग्राम महेन्द्रपुर में जमीन है। जमीन के डायवर्सन कराने संतोष कुमार टोप्पो राजस्व निरीक्षक दुर्गुकोन्दल कांकेर के पास पहुंचे थे। राजस्व निरीक्षक ने डायवर्सन के एवज में 20,000 रूपये रिश्वत की मांग की। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन पश्चात् आज ट्रेप आयोजित कर एसीबी की टीम ने संतोष कुमार टोप्पो, राजस्व निरीक्षक को 20,000 रू. रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़ा। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

शादी से इंकार करने पर युवती पर चाकू से किया हमला

बिलासपुर,18 जनवरी। एकतरफा प्यार में पड़े युवक ने शादी से इंकार करने पर युवती पर चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद फरार युवक ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद पुलिस रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है. घटना बंगालीपारा की है, जहां माता चौरा सरकंडा का रहने वाले सनद कश्यप ने युवती पर शादी से इंकार करने पर चाकू से हमला कर दिया. सरकंडा पुलिस धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है. आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, जहां से पुलिस रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

हाईटेंशन तार से टकराया ट्रेलर,एक की मौत

बिलासपुर,18 जनवरी। जिले से गतौरा स्थित एलेन कोल वाशरी में एक ट्रेलर चालाक की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई. हादसे में एक अन्य चालाक बुरी तरह से झुलस गया है,

जिसका इलाज जारी है. घटना ने प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर की है. जानकारी के मुताबिक, मस्तूरी थाना क्षेत्र के एलेन कोल वाशरी में 11KV तार से हाइड्रोलिक ट्रेलर टकरा गया. इस दौरान ट्रेलर में सवार दो ट्रेलर चालक बुरी तरह से झुलस गए. दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई. मस्तूरी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

मोदी ने बांटे 65 लाख संपत्ति कार्ड,ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक

नई दिल्ली,18 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों के लिए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है। 5 साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी ताकि गांवों में रहने वालों का उनका कानूनी प्रमाण दिया जा सके। बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। आज इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को ये स्वामित्व कार्ड मिले हैं। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी की दुनिया में क्लाइमेट चेंज, पानी की कमी, स्वास्थ्य का संकट, महामारी.. ऐसी कितनी भी चुनौतियां हैं, लेकिन विश्व के सामने एक और बड़ी चुनौती रही है और ये चुनौती है- प्रॉपर्टी राइट्स की। उन्होंने कहा कि कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के अनेक-अनेक देशों में भू-संपत्ति को लेकर एक स्टडी की थी। इस स्टडी में सामने आया कि दुनिया के अनेक देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के कानूनी दस्तावेज है ही नहीं। संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा कि अगर गरीबी कम करनी है तो इसके लिए प्रॉपर्टी राइट्स होना बहुत जरूरी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। इसलिए 2014 में जब हमारी सरकार बनी, तो हमने प्रॉपर्टी के कागज की इस चुनौती से निपटने को ठानी और हमने स्वामित्व योजना शुरू की। हमने तय किया कि ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घरों की... जमीनों की मैपिंग कराई जाएगी... गांव के लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति के कागज दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का प्रयास कर रही है। स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहा है।

मोदी ने कहा कि अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी और वो भी आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी। इससे आपदा की स्थिति में उचित क्लेम मिलना भी आसान होगा। उन्होंने कहा कि स्वामित्व और भू-आधार... ये दो व्यवस्थाएं गांवों के विकास का आधार बनने वाली हैं। भू-आधार के जरिए जमीन को भी एक खास पहचान दी गई है। करीब 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। बीते 7-8 साल में ही करीब 98 प्रतिशत लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया गया है। महात्मा गांधी कहते थे- भारत गांवों में बसता है, भारत की आत्मा गांवों में हैं। पूज्य बापू के इस भाव को सही मायने में जमीन पर उतारने का काम बीते दशक में हुआ है।

फर्जी व बिना ई-वे बिल के करोड़ों का माल परिवहन

रायपुर,18 जनवरी। जीएसटी विभाग के डीजीजीआई जोनल यूनिट रायपुर के अधिकारियों की टीम ने छापे की कार्रवाई करते हुए दर्जनभर से ज्यादा ट्रक पकड़े हैं, जिनसे फर्जी ई-वे बिल व बिना ई-वे बिल के करोड़ों रुपए का माल परिवहन किया जा रहा था. जीएसटी विभाग के डीजीजीआई जोनल यूनिट रायपुर को सूचना मिली थी कि कई ट्रक बिना वैध कागजात के माल लेकर छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं. सूचना के आधार पर डीजीजीआई जोन यूनिट रायपुर के अधिकारियों ने चिल्फी घाटी में यह कार्रवाई की. इस दौरान 19 ट्रकों में करोड़ों रुपए के अवैध माल को जब्त किया है.

महाकुंभ में सफाई कर्मी को मिली मेले को बम से उड़ाने की धमकी

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 का भव्य शुभारंभ हो गया है। देश और दुनिया के कोने- कोने से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। इसी बीच महाकुंभ में बम की सूचना मिलने से अधिकारियों के बीच हड़कंप मचा गया। एक सफाईकर्मी के फोन पर मेले को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जिसके बाद मेला स्थल में तैनात सभी सुरक्षा एजेंसियां जांच पड़ताल में जुट गई और बम डिस्पोजल स्क्वाड, डॉग स्क्वायड और सुरक्षाबलों के जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। देर रात तक पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ने जांच की लेकिन कहीं से कुछ नहीं मिला। यह पूरा मामला शुक्रवार दोपहर 2 बजे का है। जहां, मेला स्थल में सफाई करने वाले एक कर्मचारी के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने कहा कि महाकुंभ के सेक्टर-18 में बम रखा है। थोड़ी देर बाद कॉलर ने मेला क्षेत्र को बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। सफाईकर्मी ने तत्काल मामले की सूचना मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को दी। जिसके बाद बम डिस्पोजल स्क्वाड, डॉग स्क्वायड की टीम सेक्टर-18 पहुंची और सुरक्षा एजेंसियां के साथ देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन कुछ नहीं मिला। वहीं डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि मामले की जानकारी लगते ही देर रात तक हमने सर्च ऑपरेशन चलाया। सफाईकर्मी को धमकी देने वाले नंबर को ट्रैस किया जा रहा है। जल्द

अनियंत्रित होकर पलटा पिकअप, हादसे में दो लोगों की मौत, 4 हुए घायल

बालोद,18जनवरी। जिले में भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है. एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई है. वाहन में 6 लोग सवार होकर देवरी मेला जा रहे थे. चार लोग घायल हुए है, जिनका उपचार जारी है. यह हादसा अर्जुन्दा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, देवरी (द) गांव के मेला में मिठाई दुकान लगाने दुर्ग के व्यपारी अपने कामगारों के साथ सामान लेकर पिकअप से जा रहे थे. वाहन में 6 लोग सवार थे. देवसरा गांव के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में अजय गुप्ता और राकेश की मौत हो गई. वहीं 4 लोगो घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है.

मोदी की सुरक्षा चूक मामले में 25 किसानों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

फिरोजपुर,18 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में फ़िरोज़पुर अदालत ने 25 किसानों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बता दें कि, करीब तीन साल पहले 5 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री मोदी के काफिला फिरोजपुर के पास एक फ्लाईओवर पर प्रदर्शनकारियों ने रोक दिया था। इस वजह से प्रधानमंत्री का काफिला करीब एक घंटे तक वहीं रुका रहा था, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा खड़ा हो गया था। इस घटना की वजह से राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति और सुरक्षा के मुद्दों पर काफी विवाद खड़ा हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम मोदी की सुरक्षा चूक मामले में फिरोजपुर के सेशन जज वीरेन्दर अग्रवाल ने 3 जनवरी 2025 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अदालत ने यह आदेश उस एफआईआर के आधार पर दिया, जो 6 जनवरी 2022 को इस घटना के संबंध में दर्ज की गई थी। शुरुआत में यह एफआईआर अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गई थी, लेकिन विशेष जाँच दल (एसआईटी) द्वारा की गई जाँच के बाद 25 किसानों की पहचान की गई। इन किसानों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 353 (सरकारी कर्मचारी पर हमला), 341 (गलत तरीके से रोकना), 186 (सरकारी काम में बाधा), 149 (गैरकानूनी सभा) और नेशनल हाईवे एक्ट की धारा 8-बी के तहत आरोप लगाए गए हैं।

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ ईडी का बड़ा एक्शन

बेंगलुरु,18 जनवरी। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने व्यापक कार्रवाई की है. 142 अचल संपत्ति, जिनका मूल्य लगभग 300 करोड़ रुपये है, कुर्क की गई हैं. इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी शामिल हैं. जो एमयूडीए की भूमि आवंटन में कथित धनशोधन की जांच का एक हिस्सा है. संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां विभिन्न रियल एस्टेट एजेंटों और व्यवसायियों के नाम पर पंजीकृत हैं. बयान में कहा आरोप है कि सिद्धारमैया ने एमयूडीए की ओर से अधिग्रहीत तीन एकड़ 16 गुंटा भूमि के बदले अपनी पत्नी बीएम पार्वती के नाम पर 14 भूखंडों के लिए मुआवजा पाने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया. मूल रूप से एमयूडीए ने इस भूमि को 3,24,700 रुपये में दिया था. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से

इस मामले में कर्नाटक लोकायुक्त ने पूछताछ की है, जो 14 भूखंडों पर 56 करोड़ रुपये का मुआवजा देता है. मुख्यमंत्री ने बार-बार कहा कि वह या उनका परिवार किसी भी तरह के गलत काम करने से डर गए हैं और ये आरोप राजनीतिक हैं. एजेंसी ने कहा कि एमयूडीए के पूर्व आयुक्त डीबी नटेश की भूमिका पार्वती को मुआवजा स्थलों के अवैध आवंटन में मुख्य रूप से सामने आई है, जिसने दावा किया कि इस प्रकार अर्जित लाभ को वैध स्रोतों से प्राप्त दिखाया गया है. एजेंसी ने कहा कि प्रभावशाली लोगों और रियल एस्टेट कारोबारियों के नाम पर बेनामी और डमी लोगों को भूखंड आवंटित किए गए हैं. एजेंसी ने कहा कि यह भी पता चला कि एमयूडीए के पूर्व आयुक्त जी टी दिनेश कुमार के रिश्तेदारों के नाम पर सहकारी समिति के माध्यम से धन भेजा गया था, जिसमें लग्जरी वाहन और संपत्ति शामिल थीं.

दिल्ली के किराएदारों की तो निकल पड़ी

नई दिल्ली,18 जनवरी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा कि किरायेदार कई कारणों से मुफ्त बिजली और पानी योजना का लाभ उठाने में असमर्थ हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किरायेदार भी दिल्ली की आबादी का हिस्सा हैं और आम आदमी पार्टी उन्हें ये लाभ देगी। दिल्ली में मुफ्त बिजली और पानी से वंचित किरायेदारों को आम आदमी पार्टी (आप) के सत्ता में आने के बाद इस योजना के तहत लाया जाएगा। पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले इस बात का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा, जबकि चुनाव के लिए वोटों की गिनती 8 फरवरी को होनी है.

अस्पताल से सामने आया सैफ अली खान का वीडियो

घायल होने के बाद भी एक्टर के चेहरे पर दिखी मुस्कान

मुंबई,18 जनवरी। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के घर पर गुरुवार को किसी संदिग्ध आदमी ने उनपर हमला कर दिया था. जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया. एक्टर की हालत देख तुरंत उनका ऑपरेशन शुरू किया गया. जिसके बाद डॉक्टर्स ने उनका हेल्थ अपडेट जारी किया और बताया कि खतरे से बाहर हैं उन्हें ICU से निकालकर एक स्पेशल वॉर्ड में शिफ्ट किया गया है. वहीं, अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में सैफ अली खान अस्पताल से अपने फैंस का धन्यवाद करते नजर आ रहे हैं. घायल होने के बाद भी सैफ के चेहरे पर मुस्कान देखी जा सकती है. डॉक्टर्स का कहना है कि वह जल्द ही रिकवर हो जाएंगे, लेकिन फिर भी उन्हें 1 हफ्ते तक रेस्ट करने की जरूरत है.

अस्पताल से सैफ अली खान का ये वीडियो देखकर फैंस काफी खुश हो गए हैं और तरह-तरह के रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट करते हुए कहा- आप जल्दी ठीक हो जाओ. वहीं दूसरे ने लिखा- इस परेशानी में भी आपकी मुस्कान लोगों का दिल जीत लेती है, गेट वेल सून सर. वहीं तीसरे ने लिखा- इस वीडियो में कितनी सच्चाई दिख रही है वाह AI.हालांकि आपको बता दें कि अस्पताल से वायरल हो रहा सैफ अली खान का यह वीडियो असली नहीं है, बल्कि इसे AI द्वारा जनरेट किया गया है. इस वीडियो को देख फैंस को लग रहा है कि यह रियल वीडियो है, लेकिन इस वीडियो की तरह है फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि सैफ अली खान जल्द ही हंसते मुस्कुराते अस्पताल से बाहर आएंगे.

सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार पर अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश

जगदलपुर,18 जनवरी। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने पत्रकार मुकेश चंद्रकार हत्याकांड मामले में गहरी जांच के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। सरकार ने नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के नेलसनार-कोडोली-मिरतुर-गंगालूर सड़क परियोजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच के बाद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, यह सड़क 188 करोड़ की लागत से बनाई जा रही थी, जिसमें निर्माण कार्य में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के कारण पत्रकार मुकेश चंद्रकार ने कई खुलासे किए थे। उनका यह साहसिक कदम 1 जनवरी को उनके हत्याकांड का कारण बना। हत्याकांड में कांग्रेस नेता और ठेकेदार सुरेश चंद्रकार समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अब, शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के उपसचिव एनपी मरावी ने विभाग के मुख्य अभियंता जीआर रावटे को पत्र जारी कर तत्कालीन कार्यपालन अभियंता बीएल ध्रुव, अनुविभागीय अधिकारी आरके सिन्हा और उपअभियंता जीएस कोड़ोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

इसके अलावा, सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता बीएल ध्रुव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है.

कार की टक्कर से युवक-युवती की मौत

भिलाई,18 जनवरी। कुम्हारी थाना क्षेत्र के स्टेशन बौफपर फ्लाईओवर के नीचे बीती रात लगभग 2.30 बजे तेज रफ्तार कार की ठोकर से एक्टिया पर जा रहे युवक और युवती की मौत हो गई। वहीं एक युवती घायल हुई है हादसे में जान गंवाने वाले युवक व युवती की पहचान हर्ष साहू पिता रथ साहू (19 वर्ष) मनेंद्रगढ़ जिला कोरिया एवं नेहा भास्कर पिता श्रवण कुमार भास्कर (19 वर्ष) बीसीएम कालोनी खाँगापाली मनेंद्रगढ़ जिला कोरिया निवासी के रूप में हुई है ये खारुन ग्रीन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बात खाते साबा की ओर जा रहे थे छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि खारुन ग्रीन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के थर्ड फ्लोर स्थित फ्लैट में 300 से दो युवक और तीन युवतियां दो अलग अलग दुपहिया वाहन में रात 2.30 बजे खाना खाने दासा जाने कुम्हारी स्टेशन चौक की ओर निकले थे। हर्ष साहू की मोटर साइकिल सीजी 24 पीची 6230 को रोहित साहू चला रहा था और पीले शालमनी बघेल बैठी थी नीतू वर्मा की एक्टिवा सीजी 22 एम 4213 को हर्ष साहू चला रहा था इसके पीछे नीतू वर्मा और नेहा भारकर बैठी हुई थी दीनों अलग-अलग दुपहिया वाहन में पांचों आगे पीछे चल रहे थे। तभी स्टेशन चौक के पास फोर्ड इको स्पोर्ट्स कार सीजी 07 बीड़ी 6641 ते रायपुर से दुर्ग की दिशा में तेज रफ्तार से जाते हुए एक्टिवा वाहन को जबरदस्त ठोकर मार दिया। मोटर साइकिल में साथ चल रहे रोहित साहू ने पटना को जानकारी 112 को कॉल करके दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायलों को नजदीकी एपेक्स अस्पताल पहुंचाया। जहां पर हर्ष साहू और नेहा भास्कर ने इलाज के दौगन दम तोड़ दिया मृतक हर्ष साहू के दोस्त रोहित साहू ने बताया कि वह देर रात खारुन ग्रीन में हर्ष साहू, अंश वायसवाल और आयुष साहू के साथ फ्लैट में बैठकर बातचीत कर रहे थे। तभी रात 1.30 बजे हर्ष सामनी बचेल और नेहा भास्कर वहां पहुंचे। तब खाना खाने दाबा जाने का प्लान बन्न और और दो अलग-अलग दुपहिया वाहन में पांच लोग निकले थे इसी दौरान कुम्हारों चौक के पास हादसे का शिकार हो गए घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही वे मनेंद्रगढ़ से रतान्त हो गए हैं फ्लिहाल मृतक युवक व युवती कुम्हारी में किस सिलसिले में रहना हो रहा थाए, या पता नहीं चल पाया है.

बांग्लादेश को भारत की फिर दो टूक

नई दिल्ली,18 जनवरी। भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा सुरक्षा को लेकर तनाव बढ़ गया है। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के शुकदेवपुर गांव में भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश की बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) के बीच हाल ही में विवाद देखने को मिला। यह विवाद भारत द्वारा सीमा पर बाड़ लगाने के प्रयासों को लेकर हुआ है। बांग्लादेश ने आरोप लगाया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। इस मुद्दे पर एक बार फिर से विदेश मंत्रालय ने भारत का रुख स्पष्ट किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने शुक्रवार को कहा, ÷हमने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। हमने बांग्लादेश के कार्यवाहक उप उच्चायुक्त को तलब किया और सीमा पर बाड़ लगाने के बारे में अपनी बात रखी। हम बांग्लादेश के साथ अपराध-मुक्त सीमा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे बताया कि तस्करी, मानव व्यापार, और अन्य अपराधों को रोकने के लिए बाड़बंदी, सीमा पर लाइटिंग, तकनीकी उपकरणों की स्थापना, और मवेशी बाड़ जैसे उपाय किए जा रहे हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा की लंबाई 4,096 किलोमीटर है। इस पर लंबे समय से विवाद रहा है। हाल ही में भारत ने सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की योजना बनाई, जिसका बांग्लादेश ने कड़ा विरोध किया। शुकदेवपुर गांव में बाड़बंदी के प्रयास को लेकर हुए इस विवाद ने दोनों देशों के बीच पहले से तनावपूर्ण संबंधों को और बिगाड़ दिया है।

भारत और बांग्लादेश के बीच यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाकर नोबेल पुरस्कार विजेता और वर्तमान कार्यवाहक सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में नई सरकार बनी है। नए नेतृत्व के कारण द्विपक्षीय संबंधों में खटास आ गई है, और सीमा विवाद ने इसे और जटिल बना दिया है। भारत का कहना है कि सीमा पर बाड़बंदी का उद्देश्य अपराध रोकना है और यह पहले से किए गए समझौतों के तहत किया जा रहा है। प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश इन समझौतों का पालन करते हुए भारत के साथ मिलकर सीमा अपराधों को रोकने के लिए काम करेगा। इसी महीने 13 जनवरी को भारत ने बांग्लादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त नूर-अल-इस्लाम को तलब किया और उन्हें बताया कि भारत ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सीमा पर बाड़ लगाने के निर्माण में सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया है। बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को पड़ोसी देश के विदेश मंत्रालय द्वारा तलब किए जाने और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ''गतिविधियों'' पर अपनी ''गहरी चिंता'' व्यक्त करने के एक दिन बाद भारत ने यह कदम उठाया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि नूर-अल-इस्लाम को बताया गया कि भारत ने सीमा पर सुरक्षा उपायों के संबंध में दोनों सरकारों के बीच सभी प्रोटोकॉल और समझौतों का पालन किया है।

आरटीओ उप निरीक्षक की भतीजी को अज्ञात वाहन ने कुचला

भिलाई,18 जनवरी। भिलाई तीन में शनिवार सुबह RTO उप निरीक्षक की भतीजी सौम्या तिवारी (23 साल) को एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। पुरानी भिलाई पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सौम्या बाजार चौक भिलाई तीन निवासी कमलेश तिवारी की बेटी थी और ऋक्षह उप नरीक्षक प्रभा तिवारी की भतीजी थी। सौम्या हर दिन सुबह अपनी मां के साथ पास स्थित जिम सेंटर में एक्सरसाइज करने जाती थी। शनिवार को भी वो जिम जाने के लिए निकली, लेकिन मां ने जाने से मना कर दिया तो वो अकेली जिम के लिए पैदल निकल गई। वो सुबह 5.30 बजे अपने घर से जिम जाने के लिए निकली थी। वो भिलाई से रायपुर के लिए जाने वाले हाइवे के बगल से बने सर्विस लेन से पैदल पैदल जा रही थी। जैसे ही वो जनता स्कूल के सामने मिडिल कट से सर्विस लेन से होते हुए जलाराम होटल के पास पहुंची एक तेज रफ्तार ट्रक भिलाई से रायपुर की तरफ आया। सौम्या उसे अनियंत्रित देखकर किनारे खड़ी हो गई। ट्रक अचानक हाइवे से नीचे सर्विस लेन में उतरा और सौम्या को कुचलते हुए फिर से फोरलेन में आया और तेज रफ्तार में रायपुर की तरफ भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने काफी शोर मचाया और वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और वो वहां से भाग गया। लोगों ने देखा की सौम्या ने मौके पर ही दम तोड़ दिया है। इसके बाद पुरानी भिलाई पुलिस को फोन किया गया। सूचना मिलते ही पुरानी भिलाई पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला स्थित मरचुरी में भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया जाएगा। वहीं पुलिस ने घटना स्थल पर जो टायर के निशान पाए हैं, उससे यह पता चल रहा है कि दुर्घटना किसी ट्रक या अन्य भारी वाहन से हुई है।

एक दिन पहले लगी थी निजी कंपनी में नौकरी- आरटीओ में पदस्थ एसआई प्रभा तिवारी ने बताया कि सौम्या ने एक दिन पहले ही ट्रैफिक अवेयरनेस जुड़े काम करने वाली निजी कंपनी को ज्वाइन किया था। वो इस कंपनी से जुड़कर वो लोगों को सड़क सुरक्षा माह में जागरूक करती, लेकिन एक लापरवाह वाहन चालक की गलती ने सौम्या की जिंदगी छीन ली।

परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल-सूचना मिलने के बाद सौम्या के परिजन रोते बिलखते सुपेला अस्पताल पहुंचे। पूरे परिवार में मातम फैला है। परिजनो का कहना है कि घटना को 7 घंटे से से अधिक समय बीत गया है, लेकिन पुलिस उस वाहन का पता नहीं लगा पाई है, जिसने यह दुर्घटना की है। परिजनों का कहना है कि ये दुर्घटना नहीं हत्या है। पुलिस को चाहिए की वो सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

प्राइम मिनिस्टर मोदी इज वेरी पॉपुलर : साराफोवा

दुनिया में अनूठी है भारतीय संस्कृति

भिलाई, 18 जनवरी। भारत-रूस मैत्री के प्रतीक मिनी भारत भिलाई में बसे रसियन कॉम्प्लेक्स से रूसी लोग चाहे अपने वतन लौट गए हों और चाहे नेहरू सांस्कृतिक सदन में रूसी फिल्मों का प्रदर्शन न हो रहा हो लेकिन दोनों ही देशों की पारंपरिक-सांस्कृतिक विरासत की तासीर ऐसी है कि किसी-न-किसी रूप में उसकी महक आती ही रहती है ! भिलाई इस्पात संयंत्र से लेकर टाउनशिप की बसाहट, मैत्री बाग और सिविक सेंटर पायोनियर मोन्यूमेंट पार्क जैसे ऐतिहासिक स्थल उस मैत्री के स्मारक तो हैं ही, दोनों देशों के लोग भी प्यार-मोहब्बत में कैसे एक-दूसरे से खिंचे चले आते हैं इसके भी अनेकों उदाहरण देखने-सुनने को मिलते रहे हैं।

अभी हाल ही में ऐसा ही एक वाकया सामने आया जिसमें जॉब के लिए रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचे भिलाई के युवक को रूसी बाला से प्यार हो गया। वह रशियन युवती भी भारतीय युवक को अपना दिल दे बैठी। नतीजा यह हुआ कि दोनों ही पिछले दिनों भिलाई पहुंचे और परिवार वालों की रजामंदी से सेक्टर-6 आर्य समाज मंदिर में विधि-विधान से विवाह-बंधन में बंध गए। दुल्हन की माँ तातियाना साराफनोवा और भाई मास्को से चलकर भिलाई पहुंचे हैं और बेहद खुश हैं। भिलाई के कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा युवक अंकुश कुमार की दूल्हन बनी रशियन युवती पॉलीना साराफनोवा मॉस्को की रहने वाली है और इंग्लैंड से डिजाइनिंग का चार वर्षीय कोर्स की है। साराफनोवा ने तरुण छत्तीसग? से बातचीत करते हुए अपने प्यार की दास्ताँ सुनाई जो वाकई दिलचस्प थी। पॉलीना ने बताया कि इंडियन कल्चर और यहाँ के लोगों की भलमनसाहत के बारे में तो वह बहुत सुनती-पती थी लेकिन अंकुश की दोस्ती ने उसे बहुत प्रभावित किया। अंकुश इस वेरी रेस्पोंसिबल पर्सन, वेरी लॉयल, वेरी ऑनेस्ट, वेरी पोलाइट विद पीपुल जैसे वाक्यों का इस्तेमाल करती हुयी रशियन बाला ने कहा कि दोनों की प्रकृति काफी मिलती है जिसने दोनों को करीब लाने में मदद की। भिलाई-भारत को वेरी नाइस, वेरी ग्रीन, वेरी ब्राइट एटमॉस्फियर बताते हुए साराफनोवा ने कहा कि वह रूस में भी टीवी सीरियल्स में भारतीय कल्चर को देख प्रभावित होती थी। महाकाली, राधा-कृष्ण, महादेव आदि का नाम लेते हुए पॉलीना ने कहा कि यहाँ की धर्म-संस्कृति दुनिया में विख्यात है। पॉलीना ने कहा कि पहले वह बहुत नर्वस थी लेकिन यहाँ आकर उसे बहुत अच्छा लगा। खासकर अंकुश के परिवार वाले बहुत अच्छे और खुले विचारों वाले हैं। सास-ससुर बेटी की तरह मानते हैं। फैमिली बॉन्डिंग बहुत अच्छी है। पॉलीना ने कहा कि वह यहाँ हिंदी सीख रही है। साहित्य के बारे में उसने पुश्किन, टॉलस्टॉय जैसे लेखक-कवियों का नाम लिया और बताया कि पढाई के साथ ही उसे स्विमिंग और सिंगिंग का भी शौक है। उसने यहाँ के ?ड वेस्ट, प्लास्टिक के बहुतायत उपयोग पर चिंता जताई और कहा कि उसके देश या यूरोप में भी प्लास्टिक के रीसाइक्लिंग पर बहुत ध्यान दिया जाता है। इसका उपयोग रुकना चाहिए। भारत आने के बाद उसे रशिया रह-रहकर याद आ रहा है। यह बताते उसकी आँखें भर आती हैं कि वह रशियन विंटर बहुत मिस करेगी। क्रिसमस की सजावट वाले मॉस्को, क्रिसमस ट्री का वह नजारा, स्नो फाल और अपने पालतू कुत्ते यांचिक को भी वह शिद्दत से याद करती है। विदाउट स्नो का दु:ख और मैजिकल नजारा उसे रह-रहकर याद आता है। राजनीती से जु? सवालों पर वह कहती है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत पॉपुलर नेता हैं। मॉस्को के उसके घर में अक्सर टीवी पर दीखते है। रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की भी पॉलीना ने खूब तारीफ की। रूस-यूक्रेन युद्ध को दुखद बताते हुए पॉलीना ने कहा कि इस वजह से उसका ग्रुप ऑए फ्रेंड्स बिछड़ा गया। वहीं रायपुर से पॉलिटेक्निक किये अंकुश कुमार ने बताया कि 2022 जॉब के लिए वे मॉस्को गए और इसी दौरान उनकी मुलाकात पॉलीना से हुयी। वे रूसी कल्चर से पहले भी प्रभावित थे और जोखिम लेकर रूस पहुंचे थे वहां पॉलीना की मदद और सद्व्यवहार ने उन्हें जीत लिया। मॉस्को की रिम्स काया एरिया में वे कॉमन फ्रेंड के रूप में मिले। पॉलीना सेंसिटिव, इमोशनल और भगवान पर भरोसा करने वाली युवती है जो हमारे परिवार से मिलता जुलता है।

राष्ट्रपति भवन में पदस्थ रहे अंकुश के पिता

अंकुश कुमार के पिता अशोक कुमार प्रसाद भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। वे सेवा के दौरान राष्ट्रपति भवन में पदस्थ रहे। राष्ट्रपति रहते डॉ शंकर दयाल शर्मा और के. आर नारायणन के कार्यकाल के दौरान वे राष्ट्रपति भवन में रहे। उन्होंने कहा कि दोनों ही विद्वान राष्ट्रपतियों का सानिध्य लाभ उन्हें मिला। उनकी प ी श्रीमती सुशीला देवी कहती हैं कि उनके बेटे अंकुश का जन्म दिल्ली में ही राष्ट्रपति भवन के पास आरआर हॉस्पिटल में हुआ और बचपन से ही वह होनहार था। रूसी बहू को उन्होंने बहुत अच्छी और संवेदनशील बताया। उन्होंने बताया कि परसों जब वे लोग माँ बम्लेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ जा रहे थे तो रस्ते में होटल के सामने लोगों ने पानी की बोतलें और प्लास्टिक बैग्स यूज कर फेंक दिए थे जिसे पॉलीना ने उठाया कर डस्टबीन के हवाले किया। इस दृश्य ने सबके दिलों को छू लिया। यह कर्तव्य बौद्ध सभी में जागना चाहिए।

एक नजर

पाइप लाइन विस्तार का भूमिपूजन

जामुल,18 जनवरी। नगर पालिका परिशद जामुल में हर क्षेत्र में विकास कार्य संपादित हो रहे है। इसके साथ ही मुलभुत कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके तारतम्य में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड क्र. 18 में पाईप लाईन विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया। नये पाईप लाईन विस्तार से प्रत्येक घरों तक आसानी से पेयजल उपलब्ध होगा। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया की नगर की ब?ती आबादी को देखते हुए एवं ज्यादा पानी की आवष्यकता को दृश्टिगत रखते हुए वार्ड पार्शद एवं वार्ड वासियों के अपेक्षा अनुरूप पाईप लाईन कार्य कराया जा रहा है। जिसमें आसानी के साथ सभी को पेयजल उपलब्ध हो सके। भूमिपूजन के कार्यक्रम में वार्ड पार्शद तिलेश्वर देवांगन सहित अजय श्रीवास्तव, चोवाराम वर्मा, सहित वार्डवासी उपस्थित थें।

संतोष यादव ने नगरपालिका अध्यक्ष टिकट के लिए कांग्रेस कमेटी को आवेदन सौंपा

कवर्धा,18 जनवरी। युवा कांग्रेसी नेता संतोष यादव कांग्रेस से नगरपालिका अध्यक्ष चुनाव लड़ना चाहते है जिस बाबत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम साहू सहित विभिन्न पदाधिकारियों को अध्यक्ष की टिकट के लिए आवेदन सौंप सके है वैसे सादगीपूर्ण व्यवहार और निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में तारीफ होती है ।

भिलाई इस्पात संयंत्र ने मानव संसाधन के क्षेत्र में जीता प्रतिष्ठित पुरस्कार

भिलाई, 18 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र को मानव संसाधन के क्षेत्र में ÷इस्पात उद्योग÷ के उत्कृष्ट योगदान के लिए, गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स 2024 में विजेता के रूप में चुना गया है और उसे गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और उनकी समर्पित टीम को आगामी 6 और 7 फरवरी को मुंबई में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में आमंत्रित किया गया है।

आरईडी विभाग में शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

भिलाई, 18 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सरोज कुमार पंडा, संतोष कुमार मिश्रा, राधेश्याम को सम्मानित किया गया। साथ ही विजेताओं के जीवन साथी हेतु प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित

भिलाई, 18 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 147वीं तिमाही समीक्षा बैठक 17 जनवरी को कार्यकारी कार्यपालक निदेशक एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई इस्पात संयंत्र सुश्री निशा सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यकारी कार्यपालक निदेशक सुश्री निशा सोनी ने कहा कि हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन हेतु हमारे प्रयासों का ही परिणाम है कि हमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मध्य क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन हेतु समस्त विभाग प्रमुख गण का आभार व्यक्त किया और कहा कि, राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन में भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव ही अग्रणी रहा है,

कवर्धा। डिप्टीसीएम विजय शर्मा ने दी महाराजपुर में पीएम आवास मेला में को पीएम आवास योजना के तहत सुंदर आवास की चाबी दी

भाजपा में दावेदारों की लंबी लिस्ट,जल्द लागू होगी आदर्श चुनाव संहिता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 18 जनवरी। नगर पालिका पार्षद ओर कई जिला पंचायत में भाजपा से बहुत सारे दावेदार की चर्चा के कारण भारी मंथन और समन्यव बनाकर भाजपा टिकट देगी । दावेदारों को भरोसा है की हमें टिकट मिलेगी और हम ही जीतेंगे लेकिन जनता की राय में प्रत्याशी की छबि मुख्य मुद्दा बन रही है और अच्छे प्रत्याशी को टिकट नहीं मिलने से भाजपा को नुकसान भी हो सकता है । दावेदारों ने भी आवेदन मंत्री , सांसद , विधायक ओर जिला अध्यक्ष को भी आवेदन सौंपना शुरू कर दिया । जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने चर्चा करते हुए कहा की ईमानदार और निष्ठावान कार्यकर्ता के साथ साथ समन्यव बनाकर टिकट वितरण किया जाएगा । नगर पार्षद , नगर अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य फोटो कापी स्टेशनरी पहुंचकर आवेदन की बहुत सी फोटो कॉपी बनकर आवेदन बनाते हुए देखे जा रहे है और आवेदन भी सौंप चुके है कई दावेदारों ने बताया । चाय दुकानों में चर्चा हो रही है की उन्नीस या बीस को आयेगा आदर्श चुनाव संहिता । जिला पंचायत दस में कैलाश चंद्रवंशी , रूपेश चंद्रवंशी , प्रताप चंद्रवंशी, पीयूष ठाकुर और महिलाओं में श्रीमती ज्योति भुवनेश्वर चंद्राकर के नामों की चर्चा होती दिख रही है । जिला पंचायत ग्यारह में सीताराम साहू , दिनेश चंद्रवंशी , कुंज राम साहू , खिलेश्वर साहू ओर जिला पंचायत 13 से रागिनी साहू , खिलेश्वरी साहू ओर जिला पंचायत 14 से रामकृष्ण साहू के नामों की खूब चर्चा हो रही है द्य कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष की रेस में मनहरण कौशिक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अनिल साहू विजय पाली पवन जायसवाल , पन्ना चंद्रवंशी के नाम की चर्चा के साथ साथ वार्ड 24 में रेखा हरीश साहू और मधु तिवारी के नाम की चर्चा होती दिख रही है ।

चार जोन क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त बैडमिंटन ग्राउण्ड बनेंगे,आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

भिलाई, 18 जनवरी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के चारो जोन में बनेगा व्यवस्थित, सुसज्जित बैडमिंटन ग्राउण्ड। निर्माणाधीन बैडमिंटन ग्राउंड के स्थल का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं निर्माणकर्ता एजेंसी के साथ पहुंचे। निर्माण के दौरान क्या-क्या बनाया जाएगा। किस प्रकार की सुविधा होगी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किये। विनीता वर्मा द्वारा बताया गया कि बैडमिंटन ग्राउंड में स्टोट्रफ्स, चारो तरफ फैसिंग, नायलोन नेट, एलईडी फ्लड लाइट लगेगा। जिसमें खिला?ी खेलेगे, प्रेक्टिस करेगे। बैडमिंटन ग्राउण्ड मल्टीपरपज होगा, आवश्यकता के अनुसार खिला?ी नेट बाल, बैट प्रेक्टिस फुटबाल आदि कर सकेगें। चारो तरफ नेट लगाया जाएगा, इससे बाल या बैडमिंटन का कौग इत्यादि बाहर नहीं जायेगा। अच्छे ढंग से प्रैक्टिस होगा, एलईडी लाइट लग जाने से रात्रि में भी दिन जैसा उजाला होगा। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक में 4 जोन क्षेत्र में बैडमिंटन ग्राउंड का निर्माण कराये जाने हेतु प्रकरण विचारार्थ रखा गया था। जिसे परिषद के सदस्यों ने उक्त कार्य कराये जाने की सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया था। उसी के आधार पर खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। जो इस प्रकार से जोन-1 नेहरू नगर वार्ड क्रं. 05 में वाहन शाखा के उत्तर दिशा में नेशनल हाईवे के समीप निगम की रिक्त भूमि, जोन-2 वैशाली नगर वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड स्टेडियम के पीछे सियान सदन के बगल में रिक्त भूमि, जोन-3 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 56 निगम द्वारा निर्मित घासीदास उद्यान के अंदर सेक्टर 2 एवेन्यू सी रोड पर एवं जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार वार्ड क्रं. 49 श्री राम चैंक खेल मैदान के अंदर पूर्व दिशा के किनारे बैडमिंटन ग्राउंड निर्माण किया जायेगा। आयुक्त पाण्डेय ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियो को कहा कि जो भी निर्माण किया जाये। यह ध्यान दिया जाये कि वह सभी प्रकार से उपयोगी हो अधिक से अधिक लोग उसका लाभ लें। स्थानीय खिलाि?यो को जो?कर उसकी समिति बनाया जाये, उनसे भी मार्ग दर्शन एवं सहयोग लिया जाये। जिससे उनको लगे कि यह हम लोगों के उपयोग के लिए ही बनाया जा रहा है, इसकी सुरक्षा भी हमे ही करना है। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

नगर निगम क्षेत्र में 5115 पीएम आवास स्वीकृत,4978 आवास पूर्ण हो चुके हैं

भिलाई, 18 जनवरी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में कुल 5115 आवास स्वीकृत हुए है। इसमें से 4978 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष 337 आवास प्रगतिरत है। इनमें से हितग्राहियों को उनके मांग के अनुसार लाटरी के माध्यम से मकान आवंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 1397 सर्वे फॉर्म अभी तक आये है जिनमे से 159 आवेदनो का आनलाईन एन्ट्री किया जा चुका है। ऐसे सभी हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती भेजी जा रही है। विष्णु की पाती शीर्षक से एक पत्र विष्णु देव साय का हस्ताक्षर है। जिसमें उन्होने अपने संदेश में कहा है कि पक्का आवास लोगो का एक सपना होता है। यह खुशी है प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मदद मिली, हितग्राही के परिवार को। उक्त मकान को केन्द्र रखकर कल की बुनियाद ग?, यह भी वादा किया गया है कि ऐसे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रदेश की जनता को मिलती रहेगी। हर परिवार की खुशहाली प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। मोदी सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना आज देश भर में करो?ी लोगो के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिसका उददेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति, जिनका पक्का मकान बनाना सपना होता है। ऐसे व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना घर-घर पहुंचाने का प्रदेश सरकार का सपना है।

सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

सिमगा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिमगा के समीपस्थ ग्राम पौसरी निवासी 68 वर्षीय महिला रमेशरीन साहू अपने दुकान से घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी तभी सिमगा की ओर से आ रही मोटरसायकल क्रमांक सी जी 12 -- बी ए - 3806 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक मोटरसायकल चलाकर पौसरी सोसायटी के सामने रमेशरीन बाई साहू को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे महिला के सिर में चोट लगने से खून निकलने लगा जिसे परिजनों के द्वारा ईलाज हेतु सिमगा के विनायक अस्पताल सिमगा में भर्ती किया गया । जंहा ईलाज के दौरान रमेशरीन बाई साहू की मृत्यु हो गई । घटना के पश्चात आरोपी दोपहिया वाहन चालक अपनी मोटरसायकल को छो?कर फरार हो गया । प्रार्थी हिरेन्द्र साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 281 ,125 (ड्ड) के तहत अपराध पंजीबद्ध करमामले को विवेचना में लिया है । साथ ही उक्त मोटरसायकल को पुलिस ने जप्त किया है ।विदित हो कि सिमगा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतिदिन स?क दुर्घटना में लोग जान गंवा रहे है । जिसका मुख्य कारण लोगों का नशे की हालत में वाहन चलाना है । आज के नौजवान युवकों के द्वारा शराब नशीली दवाओं का सेवन कर दोपहिया चार पहिया वाहनों को बे लगाम रफ्तार से दौ?ाते है । और लोगों को दुर्घटना का शिकार बना रहे है । जिससे लोग अ समय मौत के मुंह मे समाते जा रहे है । नगर सहित क्षेत्र के प्रमुख गांवों में नशे का कारोबार काफी फैल चुका है जिस पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है । और नई पीढ़ी नशे के लत के चलते अपना भविष्य खराब कर रहे है ।

यातायात पुलिस वाहन चालकों से अवैध वसूली में व्यस्त, धूल व ओवरलोड वाहनों से नागरिक परेशान

सिमगा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिमगा थाना जिला बलौदाबाजार क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना में लोगों की असामयिक मौत हो रही है जिससे कि जिससे कि वर्तमान में चल रहे यातायात पखवाड़ा धकोसला साबित हो रहा है जो प्रचार प्रसार तक ही सीमित है चूंकि सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है ।थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक एवं यातायात पुलिस की मिलीभगत एवं संरक्षण में 28,चक्के वाली बड़े डम्फरों एवं ट्रकों में बिना तालपत्री के एवं अन्य अयस्कों से भरे ओवरलोड गाड़ियां चलने के कारण सड़कें बदहाल एवं खराब हो रही है और पैदल चलने वाले राहगीरों व दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के आंखों को उड़ते हुए धूल के कण के कारण आंखें खराब होने का अंदेशा बना रहता है जिससे कि वाहन चालक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं विदित हो कि सड़कों पर रेत का कण व धूल उड़ाते बेलगाम डम्फरों व अन्य वाहन मालिकों से यातायात पुलिस को महिने में बंधी बंधाई मोटी रकम मिलने के कारण ऐसे वाहन मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती, यातायात पुलिस द्वारा खाना पूर्ति के लिए कभी कभार इक्का दुक्का जुर्माना व चालानी कार्यवाही कर दिखावा किया जाता है ।बताते चलें कि चौक चौराहों पर यातायात पुलिस नजर नहीं आते इसके विपरीत तिल्दा रोड ओवर ब्रिज के पास एवं रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे में स्थित बेमेतरा मार्ग क्रॉसिंग के पास दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुए देखे जा सकते हैं ।ऐसे वसूली बाज यातायात पुलिस की नागरिकों ने तत्काल स्थानांतरण की मांग की है ।

भक्त गुहानिषाद राज जयंती मनाई

सिमगा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिमगा में निषाद समाज के आराध्य भक्तराज गुहानिषादराज जयंती धुमधाम से मनाया गया । आज भक्तगुहा निषादराज जयंती के अवसर पर बाजे गाजे के साथ भगवान श्रीराम माता जानकी भैय्या लक्ष्मण एवं भक्त राज गुहा निषादराज की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाला गया । समाजिक भवन से पूजा अर्चना उपरांत शोभायात्रा प्रारंभ हुई । शोभायात्रा में छोटी छोटी बच्चियों ने सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा के साथ साथ चल रही थी । वहीं महिलाओं एवं युवा वर्ग भारी उत्साह से नाचते गाते भक्त राज गुहा निषाद जयंती में शामिल हुए । शोभायात्रा का जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया । शोभायात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा भी शामिल होकर निषाद समाज के लोगों को भक्त राज गुहानिषाद राज जयंती की बधाई दिया । इस अवसर पर दिनेश निषाद उपाध्यक्ष भानू निषाद सचिव चंद्रशेखर निषाद नारायण निषाद पप्पू निषाद हेमनाथ निषाद खोरबाहरा निषाद जेठूराम निषाद पीतांबर निषाद परस निषाद कमलेश निषाद बहारू निषाद राजू निषाद सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे । आज भाटापारा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर पटवा समाज निषाद समाज एवं सैकडों भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दिया । इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

भिलाई चरोदा निगम के उमदा वार्ड में फिर हटाया गया फेसिंग तार पोल

भिलाई 03। नगर पालिक निगम भिलाई 03 चरोदा प्रशासन द्वारा अवैध प्लाटिंग करने वालो पर पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसे में जहां कहीं भी निगम क्षेत्रांतर्गत इस तरह की सूचना प्राप्त हो रही है वहाँ पर निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया जा रहा है। एक माह के भीतर वार्ड क्रमांक 06 उमदा में निगम द्वारा की गई ये दूसरी कार्यवाही रही। शुक्रवार दिनांक 17 जनवरी 2025 को एक बार फिर अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध चरोदा निगम की ओर से उमदा में लक्ष्मी मैरिज पैलेस के सामने लगाए गए मार्ग संरचना एवं फेसिंग तार को जेसीबी वाहन से जमींदोज कर दिया गया। कमिश्नर डी?एस?राजपूत द्वारा दिये गए निर्देशानुसार उप अभियंता मुकेश रात्रे एवं टीम के द्वारा आज की कार्यवाही को पूरा किया गया।

इस दौरान टाईम कीपर भीषम वर्मा टाईम कीपर श्यामता साहू सहित जेसीबी चालक रेखराम वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

स्कूल के निकट संचालित दुकानों में गुटखा मिलने पर रिसाली नगर निगम ने की कार्रवाई

रिसाली। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर अवैध रूप से गुटखा रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। निगम अधिकारियों ने कुल 9 पान दुकान और किराना दुकान संचालकों से कुल 1800 जुर्माना वसूल किया गया। दुकान संचालकों को दोबारा गुटखा न रखने की चेतावनी दी गई। दरअसल शिकायत मिली थी कि स्कूल परिसर के आस पास सिगरेट और गुटखा बेध?क बेचा जा रहा है। शिकायत के आधार पर मैत्री गार्डन चौक के निकट संचालित स्कूल, आत्मानंद स्कूल, मौहारी मरोदा समेत रिसाली बस्ती के आस पास संचालित दुकानों की जांच की गई। जांच उपरांत शंकर पान दुकान, विपिन किराना, न्यू विशाल, मुरली पान पैलेस, सतीश साव, कुंजलाल, प्रमोद धीवर, राधेश्याम साहू और मोहनी दाण्डी से जुर्माना राशि वसूल की गई। कार्यवाही करने बनी टीम में राजस्व विभाग के दुर्गेश गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, मंगल कुर्रे, टिकेन्द्र वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर शामिल थे।

अवैध रेत परिवहन करते 6 हाईवा और एक चेन माउंटेन मशीन जब्त

महासमुंद। महासमुंद जिला के राजस्व व खनिज विभाग अवैध रेत उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर सतत कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में संयुक्त दल ने ग्राम मोहकम में रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर गुरुवार की सुबह औचक जांच किया गया। जांच दल ने उत्खनन करते मशीन को घेर कर जब्त किया गया। इस दौरान मोहकम घाट में अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए रैंप को गहरा कर तो?ा गया। कार्यवाही के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते 6 हाईवा व एक नग चैन माउंटेन मशीन को जब्त की। जब्त चैन माउंटेन मशीन को ग्राम पंचायत लहंगर के उपसरपंच की बा?ी में सील बंद कर कोटवार के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई के दौरान जब्त हाईवा को तुमगांव थाना के सुपुर्द अभिरक्षा में दिया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 पर वाहनों की हुई सघन जांच

रायगढ़, 18 जनवरी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में क'चे माल/उत्पाद/अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों का कव्हर्ड किये जाने एवं स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर का पालन की जांच के लिए जिला स्तरीय जांच कमेटी गठित की गई है। जिनके द्वारा आज रायगढ़ से खरसिया के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 पर परिवहनकर्ता वाहनों की सघन जांच की गई।

जांच दल में परिवहन विभाग, खनिज विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य शामिल थे। जांच के दौरान परिवहन विभाग द्वारा 05 वाहनों पर ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर 1 लाख 22 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया। वही खनिज विभाग द्वारा 02 वाहनों को निर्धारित रूट से अन्यत्र कोयला परिवहन करने पर कार्यवाही करते हुए भूपदेवपुर थाने के सुपुर्द किया गया।

एक नजर

पत्नी को प्रताड़ित करने वाला गिरफ्तार

छुरिया 18 जनवरी। मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 13/05/2024 को मृतिका नवविवाहिता उर्मिला बाई साहू पति डोमेश साहू ग्राम बैरागीभेड़ी भेड़ी स्थित अपने घर बाड़ी में जली हुई स्थिति में पाये जाने से ईलाज हेतु एन0बी0केयर अस्पताल राजनांदगांव में भर्ती किया गया था। ईलाज दौरान मृत्यु हो जाने से थाना छुरिया में मर्ग क्रमांक-27/2024 धारा 174 जाफौ 0 पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया जांच दौरान गवाहों का कथन लेखबद्ध किया गया संपूर्ण जांच में मृतिका की मृत्यु उसके पति डोमेश साहू द्वारा दहेज नहीं लाने की बात पर से मारपीट करने एवं दुसरी लडकी लाने के कारण मानसिक रूप से प्रताडित होकर स्वयं पर आग लगाने से जलने से होना पाया गया।थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 02/2025 धारा 304-बी भादवि0 कायम कर विवेचना की जा रही है मामला गम्भीर प्रवृति का होने से वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा त्वरित निराकरण हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री मान मोहित गर्ग के दिशा निर्देश एवंअतिश पुश्र अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर,अतिश्र पुश्र अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस डी ओ पी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम द्वारा विवेचना दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी डोमेश साहू से घटना के सबंध में पूछताछ कर अपराध धारा कारित करना स्वीकार करने से आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भूआर्य, प्र श आर श अजीत नेताम एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। गिरफ्तार आरोपी डोमेश साहू पिता स्वश श्री आत्माराम साहू उम्र 27 साल साकिन ग्राम बैरागी भेडी थाना छुरिया जिला राजनांदगांव।

मेडिकल कॉलेज के टॉयलेट में मोबाइल से वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

राजनांदगांव 18 जनवरी। प्रार्थी दिनांक 17.01.24 को थाना हाजिर आकर आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री राजनांदगांव के आर्थो वार्ड में स्टाफ बाथरूम मे वॉश बेसिन के निचे मोबाईल रखकर नित्यक्रिया का विडियो बनाने के लिए आरोपी ताम्रध्वज मंडावी के द्वारा रखा था की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमाक 17/2025 धारा 77 बीएनएस ,66 ई आईटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सुचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं दौरान विवेचना के आरोपी ताम्रध्वज मंडावी पिता हेमराय मंडावी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सुखरी थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

एयर कंडीशनर की सप्लाई के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

राजनांदगांव 18 जनवरी। प्रार्थी मोहम्मद रहबद पिता स्व. मोहम्मद अख्तर खान उम्र 43 साल साकिन पुराना बस स्टैण्ड अग्रसेन भवन के पास कसाई पारा राजनांदगांव द्वारा आरोपी मोहम्मद सरफराज अहमद उर्फ बंटी गर्ग पिता रामकुमार गर्ग निवासी सुभाष नगर दुर्ग जिला दुर्ग के खिलाफ अपने आप को एयर कंडीशनर कंपनी का कर्मचारी बताकर एयर कंडीशनर की सप्लाई करने के नाम पर घटना दिनांक 21.10.2022 से 01.05.2023 के मध्य प्रार्थी से 45,20,000 रूपये लेकर एयर कंडीशनर की सप्लाई न कर ठगी करने संबंध आवेदन पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव के कार्यालय मे दिया था जिसकी जांच पर आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 388/2023 धारा 420 भादवि0 कायम कर विवेचना मे लिया गया। कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे आरोपी के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी के मोबाईल लोकेशन के आधार पर पतासाजी किया गया। आरोपी घटना बाद से लगातार फरार चल रहा था। सायबर तकनिकी के सहायत से मुखबीर की सूचना पर गुजरात टीम भेजकर आरोपी मोहम्मद सरफराज अहमद उर्फ बंटी गर्ग पिता रामकुमार गर्ग उम्र 64 साल साकिन नयी मस्जिद के पास सुभाष नगर दुर्ग स्थायी पता थानपकना प्लाजा सिनेमा हाल के पास रांची झारखंड को घेराबंदी कर पकडा गया। राजनांदगांव लाकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। प्रकरण मे धारा 467, 468, 471 भादवि0 समाहित कर आरोपी के खिलाफ पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आज दिनांक 17.01.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव मे दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, सउनि0 इसराफिल खान प्र0आर0 जी0 सिरल कुमार, आरक्षक कुश बघेल एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

हेलमेट पहन कर वाहन चलाने से होगी जीवन की रक्षा: कलेक्टर

राजनांदगांव 18 जनवरी। जिले में सड़क दुर्घटना एवं जनहानि के बचाव के लिए जिला प्रशासन को पेट्रोल पंप एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा 500 हेलमेट प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के आव्हान पर सामाजिक जागरूकता लाने पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा जनसामान्य को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों का चालानी कार्रवाई के साथ यातायात नियम के संबंध में पूरी जानकारी देते हुए उन्हें हेलमेट प्रदान किया जाएगा। हेलमेट पहनने से किसी की जान बच जाती है तो यह हमारे लिए बड़ी सफलता होगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में बिना हेलमेट के कारण मृत्यु होना अत्यंत दुखद होता है। इससे पूरा परिवार प्रभावित होता है। कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर बढने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले अधिक प्रभावित हुए हैं। इसके लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना आवश्यक

चाहिए। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सामाजिक जागरूकता लाने से दुर्घटना पर रोक लग सकती है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनजागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनने से लोग असमय दुर्घटना और मृत्यु से बच सकते हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बड़ी संख्या में हेलमेट प्रदान करने के लिए सभी पेट्रोल पंप संचालकों का आभार व्यक्ति किया। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने दुर्घटना रोकने और लोगों को जागरूक बनाने के लिए यह बेहतर पहल की है। उन्होंने कहा कि सभी चौकी में बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें हेलमेट की उपयोगिता एवं फायदे बताते हुए हेलमेट दिया जाएगा। इसके साथ वाहन चलाते समय नियमित रूप से हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना में दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना से ग्रसित होते हैं, इसके लिए हेलमेट पहनना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जीएस भाटिया, राजनांदगांव पेट्रोल सर्विस के श्री कुलवंत भाटिया, मनसुख लाल परागजी पंप के श्री देवेश रायचा, तीर्थ फ्यूल्स श्री अनीश, आरआर सोनी पेट्रोल पंप के श्री रजत गुप्ता, सिटी फ्यूल्स श्री प्रतीक महेश्वरी, फिल एंड फ्लाई पेट्रोल पंप के श्री राम कुमार कुर्रे एवं पेट्रोल पंप एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

नवोदय विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी हुए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 18 जनवरी। पीएम श्रीजवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में गत 15 एवं 16 जनवरी को ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय परिवार डोंगरगढ़ की ओर से नवोदय विद्यालय परीक्षा हेतु रजिस्टेशन कराने एवं सफलता पूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने में विशेष विभागीय सहभागिता निभाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों सहित,विकास खंड शिक्षा अधिकारी,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी,चयनित संकुल समन्यक,प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षकों का संस्था के प्राचार्य एवं उपप्राचार्य द्वारा शाल,श्रीफल,मोमेन्टो एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 15जनवरी एवं 16 जनवरी को दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम सम्पन्न हुआ।प्रथम दिवस 15 जनवरी को मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़- छुईखदान गंडई जिले का ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह हुआ जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक शिक्षा अधिकारी को सम्मानित किया गया। खैरागढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी श्रीलालजी द्विवेदी को संस्था के प्राचार्य एवं उपप्राचार्य तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्रीलाल जी द्विवेदी ने मोहला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन,सहायक शिक्षा अधिकारी अरुण मरकाम,छुईखदान के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सुधाकर एवं खैरागढ़ के विकास खंड शिक्षाअधिकारी श्री अमेला को जिलाशिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी,प्राचार्य रूपेन्द्र सिंह एवं उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने शाल, श्रीफल, मोमेन्टो एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। द्वितीय दिवस 16 जनवरी को राजनांदगांव जिला के डोंगरगढ़,डोंगरगांव ,राजनांदगाँव एवं छुरिया विकास खंड के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई प्राचार्य रूपेंद्र सिंह एवं उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल एवं सहायक संचालक आदित्य खरे का सम्मान किया।

सतवंत सिंह भाटिया ने नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष के लिए ठोंकी ताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 18 जनवरी। नगर पंचायत छुरिया में कांग्रेस के बाद भाजपा में दूसरे दिन अध्यक्ष पद एवं पार्षद पद के लिए स्थानीय रेस्ट हाउस में 15 जनवरी को बैठक आहूत की गई । जहां नगर के भाजपा पदाधिकारी के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज की है । नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पुरूषों से एक कदम आगे बढ़ते हुए भाजपा नेत्रियों ने अपनी दावेदारी कर ताल ठोंक दी है । स्थानीय रेस्ट हाउस प्रांगण में दोपहर 12 बजे भाजपा पार्टी के नगरीय निकाय नगर पंचायत छुरिया के प्रभारी दिनेश गांधी के समक्ष अध्यक्ष पद के लिए 12 दावेदारों ने चुनाव लड़ने के लिए अपना बायोडाटा सहित आवेदन सौंपा है । जिसमें से पूर्व मंत्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया के अनुज भ्राता सतवंत सिंह भाटिया ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सबको चौंका दिया । उनके अलावा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, अमीर खान, रमेश कश्यप, चंद्रशेखर यादव, स्वपनिल पटेल, के अलावा चार भाजपा नेत्री जिसमें वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिन्हा, काजल जैन, द्रौपदी मंडावी, संगीता यादव, सहित 12 दावेदारों ने चुनाव लड़ने अपनी सहमति दी है । वहीं नगर के 15 वार्डों में से पार्षद पद के लिए 29 उम्मीदवारों ने अपना बायोडाटा चुनाव लड़ने भाजपा मण्डल अध्यक्ष कांता साहू, भाजपा महामंत्री संजय सिन्हा को दी है । इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, शेखर भरद्वाज, जगजीत सिंह भाटिया भी उपस्थित थे । चुनावी बैठक में नगरीय निकाय नगर पंचायत के प्रभारी दिनेश गांधी ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कड़े शब्दों में कहा कि जो लोग नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के दावेदार है उनसे कहा कि छुरिया नगर पचांयत के चुनाव में गुटबाजी बर्दाश्त नहीं होगी ।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव 18 जनवरी। प्रार्थी विक्की उर्फ अभिषेक साहू पिता रेउदास साहू उम्र 33 साल साकिन वार्ड नं. 07 श्रीराम कालोनी ए1 रामनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15.01.2025 के शाम 06-07 बजे दुर्ग से अपनी मो.सा. मे मानिक देवांगन निवासी सिंधी कालोनी दुर्ग के साथ राजनांदगांव घुमने आया था राजनांदगांव मे दोनो इधर उधर घुमने के बाद शंकरपुर स्कुल चौक के पास रात्रि करीबन 09:00 बजे मास उर्फ दिनेष डेकाडे मिला हम तीनो भगवान दास साहू के घर गये मानिक देवांगन ज्यादा नषे मे होने के कारण उसे सोने के लिए छोड़ कर प्रार्थी और मास उर्फ दिनेष डेकाडे के साथ होटल बिरयानी खाने चला गया बिरयानी खाकर वापस आकर दिनेष डेकाटे द्वारा प्रार्थी को घर छोड़ कर चला गया और बाद मे पता चला कि मानिक देवांगन का मृत्यु हो गया है, मानिक देवांगन को मास उर्फ दिनेष डेकाडे द्वारा रात्रि मे पुनः भगवान दास के घर जाकर वाद विवाद कर हत्या किया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजिबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पता साजी हेतु तत्काल शंकरपुर रवाना किया गया पतासाजी कर आरोपी को रामनगर मे छीपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल दबीश देकर आरोपी मास उर्फ दिनेश डेकाडे पिता स्व0 बसंत डेकाडे उम्र 20 साल साकिन रामनगर सांई मंदिर के पास पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव को घेराबंदी कर पकडा गया, कड़ाई से पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो आरोपी द्वारा रात्रि मे बीड़ी मांगने की बात पर गाली गलौज देने की बात पर दोनो का आपस मे वाद विवाद हो गया।

समाचार संक्षेप

निगम की टीम ने 100 से अधिक अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाए

राजनांदगांव 18 जनवरी। निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज अग्रवाल ट्रांसपोर्ट से महामाया चौक तक विद्युत पोलो एवं अन्य जगह में लगे 100 से अधिक पोस्टर व छोटे विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई। पूर्व के दिनों मे 200 से अधिक विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही की गई थी। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा अवैध होर्डिंग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे आज निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये जी.ई.रोड अग्रवाल ट्रांसपोर्ट से लखोली नाका, गंज चौक, नंदई चौक से बसंतपुर महामाया चौक तक 100 से अधिक अवैध बोर्ड हटाया। इसी प्रकार पूर्व के दिनों में शहर के मुख्य मार्गो से 200 से अधिक छोटे बड़े विज्ञापन बोर्ड हटाया गया था, उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने विज्ञापन एजेन्सियों से अपने होडिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर हटाने कहा है, नहीं हटाने की स्थिति में अर्थदण्ड अधिरोपित कर अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जावेंगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की आवेदन प्रक्रिया पूरी

डोंगरगांव 18 जनवरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा निकाय चुनाव हेतु आवेदन प्रक्रिया संपन्न की गई प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार न.पं.डोंगरगांव चुनाव प्रभारी विवेक वासनिक के दिशा निर्देश में वरिष्ठ कांग्रेसी विरेंद्र बोरकर की उपस्थिति में आवेदन प्रक्रिया प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू कमल नारायण वैष्णव व किशोर बनाफर ने आज शाम 5 बजे तक दावेदारों के आवेदन प्रक्रिया को तय समय में सम्पन्न कराया।प्राप्त जानकारी अनुसार अध्यक्ष पद हेतु निशा नखत,वैशाली बोरकर,संध्या साहू,श्रुति शुक्ला,स्मिता लोढ़ा,अरुणा देवांगन,इंदु साहू,पूनम दुलारी सोनी,पुष्पदेवी रोशन यदु,श्रद्धा बोहरा ने दावेदारी प्रस्तुत की। वहीं पार्षद पद हेतु वार्ड क्र.1 गीता सलामे वार्ड क्र.2 वैशाली बोरकर,आरती कोरे,जागृति मालेकर,देवकुमारी जोगी,वार्ड क्र.3 प्रियंक जैन,संदीप रत्नाकर वार्ड क्र.4 संजय मुटकुरे, विकास महोबिया,रितेश राजपूत,रवि शुक्ला, वार्ड क्र.5 नवींद्र रोशन यदु,विनोद पाड़े ,वार्ड क्र.6 अरुणा देवांगन ,वार्ड क्र.7 सतीश वैष्णव,किशोर बोहरा,विष्णु सोनी,रफीक मोहम्मद, वार्ड क्र.8 श्रुति शुक्ला, वार्ड क्र.9 अजय मंडलोई ,वार्ड क्र.10 महेंद्र वैष्णव,अभय लोढ़ा ,वार्ड क्र.11 सद्दाम खत्री,दीपक देवांगन,विशाल सोनी,इदरीश सोलंकी,वार्ड क्र.12 श्याम सुंदर लाऊत्रे,शशांक खोब्रागढ़े गोल्डी वार्ड क्र.13 राकेश साहू,वार्ड क्र.14 कमलेश साहू,रुक्मणि साहू,अभय लोढ़ा,वार्ड क्र.15 रंजू रत्नाकर,पूनम दुलारी सोनी, ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।

वन मंत्री केदार कश्यप जिले के प्रवास पर

राजनांदगांव 18 जनवरी। वन एवं जलवायु, परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप 18 जनवरी 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री श्री केदार कश्यप 18 जनवरी को सुबह 10 बजे शासकीय आवास रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में मंत्री श्री कश्यप दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री केदार कश्यप दोपहर 2.15 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.45 बजे वन चेतना केन्द्र मनगटा पहुंचेंगे। वे शाम 4 बजे वन चेतना केन्द्र मनगटा से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

त्रिशूल दीक्षा और शौर्य संचलन का आयोजन

रायपुर 18 जनवरी। पेंड्रा के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा और शौर्य संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य राकेश तुरंगा आश्रम,परमात्मा नंद जी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्याध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, ऋषि मिश्रा प्रांत संयोजक बजरंगदल, पुरुषोत्तम नाथ पिपरहा, विजया उर्मिलिया जी,सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत बजरंग दल के सदस्यों को त्रिशूल दीक्षा दी गई और पूजा-अर्चना की गई। त्रिशूल दीक्षा को लेकर युवाओं में काफी जोश और उत्साह नजर आया। पेंड्रा शहर सहित आसपास के क्षेत्र से भी युवा पहुंचे और विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रांत संयोजकों के नेतृत्व में त्रिशूल दीक्षा ली। इसके बाद शौर्य संचलन निकाला गया, जो सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों पुनः शिशु मंदिर प्रांगण में समापन हुआ। शौर्य संचलन यात्रा को देखने बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़े, मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान देशभक्ति जयकारे गूंजते रहे। यह आयोजन समाज में शौर्य और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में किया गया और युवाओं को मजबूत और एकजुट रहने की प्रेरणा दी गई। स्वागत की कड़ी में भारत विकाश परिषद मोहिनीशंकर तिवारी,विकाश त्यागी, मातृशक्ति से प्रिया त्रिवेदी,सरोज पवार,दुर्गावाहिनी से कशिश,पायल,आकांक्षा,शामिल हुए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, स्वामी कृष्णप्रप्पना जी महराज विभाग मंत्री राजीव शर्मा,जिला मंत्री सौरभ साहू,जिला संयोजक बजरंगदल सागर पटेल,प्रकाश साहू,विनय पांडे,संतोष साहू,देवांश तिवारी शिवम् साहू,भूपेंद्र चौधरी,निखिल परिहार,दुर्गेश यादव ,अजीत राय, प्रदीप कुमार,शुभम गुप्ता, विमल मिश्रा,गजानंद श्रीवास,सचिन पांडे,आकाश शर्मा, घनश्याम साहू,बड़ी संख्या में मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहने भी शामिल हुई।

गुहा निषाद जंयती पर निकाली गई झांकी

राजनांदगांव 18 जनवरी। समीपस्थल ग्राम धामनसरा में 16 जनवरी को केंवट निषाद समाज द्वारा आयोजित भक्त गुहा निषाद जंयती गली भ्रमण क्लश यात्रा तथा श्रीराम लक्ष्मण माता सीता भक्त गुहा निषाद राज नयनाभिराम झांकी के निकाला गया और तालाब में प्रभु श्रीराम जी को भक्त गुहा निषाद जी नाव पार कराया निषाद समुदायिक भवन में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि रोहित चंदाकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्षता रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य विशेष अतिथि योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य लोकेश गंगवीर सरपंच कृतलाल पटेल उपसरपंच चुम्मन निषाद पूर्व उपसरपंच लालाराम निषाद बिसे पटेल भागवत दास वैष्णव कुंवर सिंह निषाद कल्याण सिंह निषाद गरीबा निषाद बन्नू निषाद शतुहन निषाद के अतिथि में पुजा अर्चना कर समाजिक ध्वजारोहण किया गया रोशनी वैष्णव ने अपने उद्बोधन में भक्त गुहा निषाद जंयती अवसर शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा भक्त गुहा निषाद राज श्रृंगवेरपुर के राजा था और केंवट जाति होने पर भी प्रभु अनन्य भक्त रहा प्रभु श्रीरामचंद्र जी पैर धुला कर गंगा पार कराया हम सभी मानव को कलयुग में रामचरित मानस ध्यान पाठकर अपनी मुक्ति रास्ता मिलेगी।

टीपापानी के शैलाश्रय में अनेक शैलचित्र पाये गये हैं

डॉ. मुकेश कुमार राठिया ने मध्य पाषाण काल के शैलचित्र की ऐतिहासिक खोज की

रायपुर 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय से पश्चिम में लगभग 14 किलोमीटर दूर ग्राम केराझर के टीपापानी/ नरईझोझा पहाड़ में मध्यपाषाण काल (10000-4000 ई. पू.) के शैलचित्र पाये गये हैं। यहाँ की शैलचित्र की खोज डॉ. मुकेश कुमार राठिया, मानवविज्ञान अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ ने की है । उन्होंने बताया कि टीपापानी के शैलाश्रय में अनेक शैलचित्र पाये गये हैं। शैलचित्रों में शिकार के दृष्य, जानवरों एवं मानव के चित्र तथा पेड़-पौधों के चित्र लाल एवं भूरे रंगों में बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के शैलचित्र विशेषज्ञ डॉ. जी. एल. बादाम एवं संस्कृति विभाग रायपुर के शोधदल के साथ मिलकर 2006 में रायगढ़ जिले के 18 शैलाश्रयों को आधिकारिक रूप से चिन्हित किया गया था। शोधदल में डॉ. मुकेश कुमार राठिया को भी शामिल किया

गया था। इन्हीं 18 शैलाश्रयों में पाये गये शैलचित्रों पर डॉ. मुकेश कुमार राठिया ने प्रो. अरुण कुमार, मानवविज्ञान अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, के निर्देशन में रायगढ़ जिले के शैलचित्रों का सांस्कृतिक महत्व एक नूवैज्ञानिक अध्ययन विषय पर शून्य प्रतिशत प्लेजरिज्म टेस्ट के साथ पीएच-डी उपाधि प्राप्त किया है । शैलचित्रों की शोध अवधि में विश्व के जाने माने आस्ट्रिया के शैलचित्र विशेषज्ञ न्यूमेयर इरविन के साथ रायगढ़ जिले के शैलचित्रों का अध्ययन किया है एवं उनसे प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पीएच-डी उपाधि प्राप्त करने के पूर्व भारत के प्रसिद्ध पुरातत्व विशेषज्ञ डॉ.एस.बी.ओटा एवं डॉ. के.के. मुहम्मद के मार्गदर्शन में विश्व धरोहर भीमबेटका, भोपाल मध्यप्रदेश में प्रागैतिहासिक उत्खनन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है द्य प्रागैतिहासिक उत्खनन ब्रश एवं स्केपर के द्वारा प्रति लेयर 1 से 1.5 सेंटीमीटर तक किया जाता है जिसके कारण उत्खनन में कई वर्ष लगते है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती किस लेयर अथवा परत के अवशेषों का अध्ययन किया जाए इस विषय पर विश्व धरोहर भीमबेटका में भारत के प्रशिक्षणथियों प्रशिक्षणार्थियो के बीच लिखित परीक्षा ए.एस.आई. द्वारा आयोजित की गयी थी जिसमें डॉ. मुकेश कुमार राठिया द्वारा दिये गए सुझावों को सर्वोपरि मान्य कर प्रथम स्थान प्रदान किया गया था। डॉ. मुकेश कुमार राठिया ग्राम गोरपार, तहसील-खरसिया,जिला-रायगढ़, के निवासी हैं एवं वर्तमान में मानवविज्ञान अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ में सेवारत हैं।

संपादकीय

बेरोजगारी और भी बढ़ेगी

इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने एक साल पहले युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी और अब निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के अध्यक्ष एस. एन. सुब्रमण्यम ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि कामगारों को हफ्ते में 90 घंटे काम करने को तैयार रहना चाहिए। इतने पर ही नहीं रु के, आगे कहा कि एक्स्ट्रा रिजल्ट के लिए एक्स्ट्रा काम करना होगा और इसके लिए रविवार को भी काम करना चाहिए। आखिर, घर में रह कर मजदूर बीवी का मुंह कितनी देर तक निहारते रहेंगे। अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदानी ने भी उनकी बातों का समर्थन करते हुए कहा कि अगर काम ही नहीं रहा तो बीवी घर से भाग जाएगी और फिर क्या होगा? एल एंड टी के चेयरमैन के बयान के बाद देश में फिर से मजदूरों के काम के घंटे को लेकर बहस शुरू हो गई है। कॉरपोरेट जगत के अंदर भी इसका विरोध हो रहा है। आरपीजी ग्रुप के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका ने एल एंड टी चेयरमैन के बयान की आलोचना करते हुए कहा, एक हफ्ते में 90 घंटे काम? रविवार को %सन-ड्यूटी' क्यों न कहा जाए और %छुट्टी' को एक मिथकीय अवधारणा क्यों न बना दिया जाए! वर्क-लाइफ बैलेंस वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी है। यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब भारत में पहले से ही लोग सबसे ज्यादा काम करते हैं, तो क्यों कामगारों के घंटे बढ़ाने की बात उठती रहती है? अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय सबसे ज्यादा काम करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति सप्ताह 46.7 घंटे, चीन में 46.01, ब्राजील में 39, अमेरिका में 38, जापान में 36.6, इटली में 36.3, ब्रिटेन में 35.5, फ्रांस में 35.9, जर्मनी में 34.2 और कनाडा में 32.5 घंटे मजदूरों से काम कराया जाता है। इन आंकड़ों के बावजूद भारत में काम के घंटे बढ़ाने के लिए जब-तब शिगूफा छोड़ा जाता रहा है। सच तो यह है कि पूरी बहस को इसलिए संचालित किया जा रहा है ताकि मोदी सरकार द्वारा मार्च, 2025 में लाए जाने वाले लेबर कोड, जिसमें काम के घंटे 12 कर दिए जाने हैं, की सामाजिक स्वीकृति हासिल की जा सके। इसके लिए बीच-बीच में इस तरह की चर्चाएं शुरू करवाने का ताना-बाना बुना जाता है। सच तो यह है कि दुनिया में काम के घंटे बढ़ाने के तकरे के विरुद्ध ंिआर्टफशियल इंटेलीजेंस के दौर में काम के घंटे कम करने की कवायद- कार्रवाई हो रही है। तमाम देशों में सप्ताह में चार दिन काम की पद्धति शुरू हुई है।जूम के मालिक एरिक युवान जैसे एआई इनोवेटर्स का मानना है कि एआई हर कंपनी के लिए चार दिन का कार्यसप्ताह हासिल करने की कुंजी होगा। उनके अनुसार चार दिन के वर्किंग में 92 प्रतिशत की सफलता दर है। जापान जैसे देशों में काम के घंटे लगातार कम किए जा रहे हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां जापान में वर्ष 2000 में 1839 घंटे सालाना काम के थे वहीं उसे 2022 में घटा कर 1629 घंटे सालाना कर दिया गया। इससे लगभग वार्षिक काम के घंटे में 11.6 प्रतिशत की गिरावट आई। बेल्जियम, आइसलैंड, यूएई, स्पेन और नीदरलैंड जैसे देशों में चार दिन के कार्य दिवस सप्ताह में कर दिए गए हैं। जापान की रिक्रूट वर्क्?स इंस्टिट्यूट के विश्लेषक ताकाशी सकामोटो के निष्कर्ष के अनुसार, देश में अब कई यूरोपीय देशों की तरह काम के घंटे कम किए जा रहे हैं। ऑटोनॉमी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ंिआर्टफशियल इंटेलिजेंस आने के बाद ब्रिटेन में 88 प्रतिशत कंपनियां अपने कर्मचारियों के काम के घंटे 10 प्रतिशत तक कम कर रही हैं यानी कुल मिला कर कहा जाए तो दुनिया में काम के घंटे कम करने की दिशा में काम हो रहा है वहीं भारत, जहां पहले से ही काम के घंटे ज्यादा हैं, में उन्हें बढ़ाने की वकालत की जा रही है। दरअसल, देश में भीषण बेरोजगारी और महंगाई में मजदूरों की मजबूरी का फायदा उठा कर काम के घंटे 12 करने का कानून बनाया जा रहा है। दुखद यह है कि इस सबसे उत्पादन क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

संवैधानिक दृष्टि से देखें तो काम के घंटे बढ़ाने को जो कुछ भी किया जा रहा है, वह स्पष्ट तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21, 42 और 43 का उल्लंघन है। हमारे संविधान की प्रस्तावना में ही व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है, जिसकी मौलिक अधिकार और नीति-निर्देशक तत्वों में व्याख्या की गई है। अनुच्छेद 42 जहां काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं के लिए राज्य की जवाबदेही तय करता है वहीं अनुच्छेद 43 मजदूरों को काम, निर्वाह मजदूरी, शिष्ट जीवन स्तर और अवकाश की संपूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली काम की दशाएं, सामाजिक और सांस्कृतिक अवसर प्राप्त करने के लिए राज्य को जिम्मेदार बनाता है। ंिआर्टफशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब भारत में काम के घंटे बढ़ाने के कारण बेरोजगारी और भी बढ़ेगी, यह तय है।

विदेश

ललित गर्ग

भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं

करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को ?शांत कर लिया है।

यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश ?सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है। बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात कर-के उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं? निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास एवं कडवाहट उपजी है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत के लिए यही उचित है कि वह पाक-बांग्लादेश के संभावित गठजोड़ से सावधान रहे। भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद बाड़बंदी मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी सुख-सुविधाओं पर पूरा ध्यान देंगे। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई पुराना रोग उभर सकता है, जिसमें आप डील बिल्कुल ना दें। आप किसी नौकरी से संबंधित परीक्षा को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको अपने गृहस्थ जीवन पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। कोई नए काम में आप सोच समझकर हाथ बढ़ाएं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार के सदस्य से पारिवारिक लड़ाई-झगड़ों को लेकर आपका मन परेशान रहेगा, जिसका असर आपके कामों पर भी पड़ेगा। आपको अपनी इनकम के साथ-साथ खर्चों पर भी कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आपकी किसी बात को लेकर कार्यक्षेत्र में कोई लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपके मित्र के रूप में कुछ नए शत्रु उत्पन्न होंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए किसी पुराने निवेश से लाभ दिलाने वाला रहेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। आप व्यस्त रहने के कारण भी परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको किसी काम के समय से पूरा न होने से निराशा हाथ लगेगी। बिजनेस में यदि कामों में कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छे रहेंगे। नौकरी बदलने के प्रयास आपको अच्छी सफलता देंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आर्थिक मामलों में आपके प्रयास बेहतर रहेंगे। आप अपनी शौक की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी होगी। आपको अपने किसी परिवार के सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको किसी दूर रहने पर परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी छवि खूब निखरेगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई नुकसान होने की संभावना है, इसलिए आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच विचारकर करें। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ भविष्य को लेकर योजनाएं बनाएंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

कन्या- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आय बढ़ने से खुशी होंगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आपको किसी नई संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा। कला के क्षेत्र में आपकी काफी रुचि रहेगी। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। यदि जीवनसाथी से किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती के लिए पछतावा होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को कामों में अपने सहयोगियों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की ओर से कोई गिफ्ट मिल सकता है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। व्यावसायिक मामलों में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा लेने की आवश्यकता होगी। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहेगी जिस वजह से आप परेशान रहेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोग अपने टारगेट को पूरा करने की कोशिश करेंगे। नौकरी में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पिताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, जो लोग सिंगल हैं, उनके अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। वाहनों के प्रयोग से आप सावधान रहें। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपनी संतान की फरमाइश पर शौक की चीजों की खरीदारी करेंगे। आपको कामों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। आपके लिए आज शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी फाइनल हो सकता है। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी संतान से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है। जीवनसाथी के लिए आप किसी नए बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं। आपकी सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप दान-पुण्य के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आपको पार्टनरशिप में किसी डील को फाइनल करने से बचना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी।

गोलगप्पे, गुलाब और गुस्सा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक छोटे-से कस्बे में एक बड़े-से कवि, श्री शशिकांत शब्दमय जी, अपनी ₹मौजूदगी₹ से साहित्य का सिर ऊँचा कर रहे थे। शशिकांत जी का दावा था कि उन्होंने हिंदी साहित्य को ₹फूलों से महकाया₹ और ₹पत्थरों से सिखाया।₹ उनका व्यक्तित्व, वैसे, जलेबी जैसा था—कभी-कभी सीधा दिखता, पर अंदर से पेचीदा। एक दिन, कस्बे के चौक पर, शशिकांत जी एक चाय की टपरी पर बैठे अपने लेखन की ₹क्रांति₹ पर विचार कर रहे थे। टपरीवाले ने पूछा, ₹क्या हुआ गुरुजी, आज चाय ठंडी हो गई?₹

चाय ठंडी हो या गर्म, साहित्य का दर्द अमर रहता है, शशिकांत जी ने गंभीरता से कहा। उसी समय, उनके पुराने मित्र, रमाकांत व्यंग्यवाला जी वहाँ आ धमके। उन्होंने पूछा, ₹अरे शशि भाई, यह उदासी क्यों? आपके चेहरे पर तो 'पद्मश्री' की चमक होनी चाहिए। शशिकांत जी ने गहरी साँस ली और बोले, ₹क्या बताऊँ, रमाकांत! यह समाज साहित्य को समझता ही नहीं।

अरे, ऐसा क्या हुआ?

कल की बात सुनो, उन्होंने शुरूआत की, ₹मैंने अपनी नई कविता 'नींबू का दर्द' सुनाई। लोगों ने ताली तो बजाई, पर समझा नहीं। एक सज्जन बोले, 'सर, नींबू का दर्द क्यों, आलू का सुख क्यों नहीं?' समझे? यह साहित्य का अनादर है। रमाकांत जी ने हँसते हुए कहा, ₹भाई, लोग समझते भी कैसे? आप कविताएँ लिखते हैं या गूढ़ शास्त्र?

यह तो कुछ भी नहीं, शशिकांत जी बोले। कल मैंने अपने विद्यार्थियों को छंद और अलंकार समझाने की कोशिश की। एक छात्रा ने पूछा, 'सर, यह अलंकार किस ब्रांड का है? मेरे भाई को शादी में चाहिए।' समझे, यह है हिंदी साहित्य की दुर्दशा!₹ रमाकांत जी हँसी रोकते हुए बोले, ₹यह तो दुखद है। लेकिन यह किस्सा सुनकर मेरा दिन बन गया। यह कोई हँसने की बात है? शशिकांत जी तमतमाकर बोले। ₹आपको तो मेरे सम्मान के लिए लड़ना चाहिए। ठीक है, तो बताइए, क्या समस्या है? रमाकांत जी ने गंभीरता से पूछा। शशिकांत जी ने जेब से एक पन्ना निकाला और बोले, ₹यह देखो। इसमें लिखा है, 'सर, आप बहुत अच्छे इंसान हैं। कृपया यह चिट्ठी मोहल्ले के शर्मा जी तक पहुँचा दीजिए।' और चिट्ठी में क्या है? प्रेमपत्र! जिसे मैंने महीनों तक 'कवि सम्मलेन' के महत्व सिखाए, वह मुझे 'प्रेम डाकिया' बना रही है। रमाकांत जी ठहाका मारकर हँसे और बोले, ₹भाई, यह तो साहित्य की महान सेवा है। 'डाक' विभाग को आप पर गर्व होगा। शशिकांत जी ने क्रोध से कहा, ₹यह सब तुम्हारे व्यंग्य का नतीजा है। रमाकांत जी बोले, ₹भाई, तुम्हारा साहित्य और तुम्हारी पीड़ा, दोनों अमूल्य हैं। लेकिन तुम्हें 'नींबू का दर्द' छोड़कर 'चाय की मिठास' पर ध्यान देना चाहिए। चाय खत्म हुई, लेकिन बहस जारी रही। उस दिन टपरी के सभी ग्राहक साहित्य के इस नए 'डाक विभाग' की गाथा सुनते रहे।

केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते हैं ये संकेत

एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 17.9 मिलियन लोग दिल की बीमारी से मर जाते हैं. इसमें से करीब 85त्न लोग दिल का दौरा पड़ने या फिर स्ट्रोक आने की वजह से दम तोड़ देते हैं. यूं तो ये बात कई शोध में साबित हो चुकी है कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा होता है. लेकिन बीते कुछ सालों में महिलाओं में भी ये समस्या बढ़ती जा रही है. हार्ट अटैक के ज्यादातर लक्षण महिला और पुरुष में एक जैसे होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते कुछ संकेत बिल्कुल अलग होते हैं. क्या हैं वो संकेत, आइए जानते हैं इसके बारे में.

महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के लक्षण- महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने पर पुरुषों की तरह कई बार सीने में तेज दर्द नहीं होता है. बल्कि उन्हें कुछ हल्के संकेत ही दिखाई दे सकते हैं. जैसे कई बार महिलाओं को सीढ़ियां चढ़ते समय सीने में दर्द जैसा महसूस होता है या फिर हल्के काम करने के बाद भी सांस लेने में तकलीफ होती है. डॉ. राजीव सेठी बताते हैं कि ऐसा अगर आपके साथ बार-बार हो रहा है तो इसे नजर अंदाज न करें.

दिल की बीमारी होने पर महिलाओं में दिखते हैं ये संकेत

चक्कर आना
निचली छाती में दर्द
ऊपरी पेट में दर्द
अत्यधिक थकान
सांस की तकलीफ
मतली/उल्टी
पीठ या जबड़े में दर्द

महिलाएं हार्ट अटैक से कैसे करें बचाव?

महिलाओं को समय-समय पर अपना हेल्थ चेकअप कराते रहना चाहिए. कोई भी लक्षण लंबे समय तक दिखने पर चिकित्सक से परामर्श जरूर करें.

विचार

ड्रॉपआउट से बचने के लिए फीनलैंड से प्रेरणा की जरूरत

सुनील कुमार महला

आज देश में स्कूल ड्रॉपआउट की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस संबंध में हाल ही में शिक्षा हेतु एकीकृत जिला सूचना प्रणाली, यू-डाइस यानी कि यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफोर्मेशन सिस्टम फोर एजुकेशन ने भारत में स्कूली बच्चों की ड्रॉपआउट यानी समय से पहले स्कूल छोड़ने की दर के आंकड़े जारी किए हैं।एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच जहां प्री-प्राइमरी पंजीयन संख्या 1.01 करोड़ से बढ़कर 1.30 करोड़ रही, वहीं स्कूल स्तर पर यह संख्या 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गई। यहां यह बहुत चिंताजनक है कि एक साल में मिडिल और सेकंडरी स्तर तक जाते-जाते ड्रॉप-आउट रेट क्रमश 5.2 और 10.9% बढ़ गया। हालांकि,राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को रोकने और वर्ष 2030 तक माध्यमिक स्तर तक 100% सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) हासिल करने पर संकल्पित है, और इस दिशा में एक उल्लेखनीय प्रगति भी हासिल की है। मसलन, वर्ष 2014 में, 59.25 लाख बच्चे (6-14 वर्ष) और 255.81 लाख बच्चे (14-18 वर्ष) ड्रॉपआउट हुए। गौरतलब है कि वर्ष 2022-23 तक, 6-14 वर्ष आयु वर्ग में स्कूल छोड़ने की दर में 50% और 14-18 वर्ष आयु वर्ग में 16.3% की कमी आई।ये आंकड़े दशार्ते हैं कि शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे और परिवर्तनकारी प्रयासों को बल दिया गया है और यह सुनिश्चित हुआ है कि हर बच्चा स्कूल में रहे। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि हमारे देश में स्कूलों में

उच्च ड्रॉपआउट दर के पीछे अनेक कारण जिम्मेदार हैं, जिनमें क्रमशः गरीबी, बुनियादी ढांचे(इंफ्रास्ट्रक्चर) की कमी, स्कूलों में अपर्याप्त शिक्षण स्टाफ, शिक्षा में रुचि की अभाव और बाल श्रम का प्रचलन। आज माता-पिता,अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाना तो चाहते हैं, लेकिन पढ़ाई में उनकी गरीबी कहीं न कहीं आड़े आ जाती है। वास्तव में एक गरीब व्यक्ति की यह आम सोच होती है कि वह अपने बच्चों को किसी काम या आजीविका कमाने में लगा दे, ताकि परिवार का खर्च आसानी और सरलता से चलाया जा सके। यह भी कहा जा सकता है कि बच्चों को छोटी उम्र में ही या स्कूल जाने की उम्र में ही आजीविका में लगाना उनकी मजबूरी हो जाती है और बच्चों का ड्राप आउट होता है। ऐसा भी नहीं है कि आज देश में स्कूलों की संख्या में कोई कमी है। आज गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक में स्कूल खुल चुके हैं। यहां तक कि हाई राइज सोसाइटी में भी आज अनेक किंडरगार्टन स्कूल तक खुल गए हैं? भारत में आज तीन तरह के स्कूल हैं, जिनमें सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त (एडेड) और निजी स्कूल शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि हमारे देश में 2021-22 में हुई गणना के मुताबिक, 10,22,386 सरकारी और 3,35,844 प्राइवेट स्कूल हैं। आंकड़े बताते हैं कि सरकारी स्कूलों की संख्या 10,22,386, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की संख्या 82,480 तथा निजी स्कूलों की संख्या 3,40,753 है। यू-डाइस की साल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल 14,08,115 स्कूल हैं, लेकिन आज भी स्कूलों में अपर्याप्त शिक्षण स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर में कमियां ड्रापआउट का कारण बन रहें हैं। शिक्षा के प्रति रूचि का अभाव, उदासीनता भी ड्रापआउट का एक बड़ा कारण है। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि यदि हमें स्कूलों से ड्रापआउट को कम करना है तो हमें स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर (बुनियादी ढांचे) को और अधिक मजबूत करना होगा। अभिभावकों को व छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा। बेरोजगारी और गरीबी को दूर करने के संबंध में प्रयासों को और अधिक बल देना होगा। शिक्षा में नवाचार और नई रणनीतियों की ओर बल देना होगा। स्कूलों में पर्याप्त शिक्षण स्टाफ की व्यवस्था करनी होगी।

बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक योजनाएं जैसे मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और मिड-डे मील की गुणवत्ता में सुधार करना उपयोगी हो सकता है।छात्रों और अभिभावकों को स्कूल से जोड़ने की दिशा में यथेष्ट प्रयास करने होंगे। स्कूलों में लर्निंग को और अधिक प्रभावी व प्रासंगिक बनाना होगा।शिक्षा की लागत को भी कम करना होगा। शैक्षणिक स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयास करने होंगे। सामुदायिक योजनाओं को विकसित करना होगा। सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समुदाय आधारित कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। स्कूल ड्रापआउट से बचने के लिए हम फिनलैंड जैसे देश से भी प्रेरणा ले सकते हैं। गौरतलब है कि फिनलैंड देश ने स्कूल ड्रॉप आउट को रोकने के लिए बहुत ही प्रभावी व शानदार नीतियां बनाई हैं। पाठकों को बताता चलूं कि वहां की शिक्षा प्रणाली व्यक्तिगत विकास और समग्र शिक्षा पर जोर देती है। फिनलैंड में मुफ्त शिक्षा, व्यक्तिगत शिक्षण सहायता और कक्षाओं में कम छात्र संख्या जैसी विशेषताएं शामिल हैं। अंत में, यही कहूंगा कि स्कूल ड्रॉप आउट की समस्या कहीं न कहीं बच्चों के व्यक्तिगत और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, हमें यह चाहिए कि हम फिनलैंड से प्रेरणा लेते हुए अपने देश को शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों की ओर ले जाएं।

एक नजर

निखिल कुमार वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की

बिलासपुर 11 जनवरी। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने एकादश दीक्षांत समारोह (दिनांक - 15 जनवरी 2025) में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में एसोसिएट प्रोफेसर निखिल कुमार वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। श्री निखिल कुमार वर्मा ने फ्लाई ऐश आधारित जियोपॉलिमर कंक्रीट पर शोध कार्य सिविल इंजीनियरिंग विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम. चक्रधर राव और प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार के निर्देशन में पूरा किया। श्री निखिल कुमार वर्मा ने अपने शोध निर्देशको, माता-पिता स्वर्गीय भगवती प्रसाद वर्मा (पिता) और श्रीमती रत्ना वर्मा (मां) और पत्नी श्रीमती कुसुम लता वर्मा को उनकी पीएचडी डिग्री सफलतापूर्वक पूरी करने के लिए धन्यवाद दीया। श्री निखिल कुमार वर्मा जी का मूल निवास स्थान भिलाई-3 वसुन्धरा नगर, जिला दुर्ग हैं।

जैन समाज मनाएगा जन्मकल्याणक महोत्सव

रायपुर 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर नगर में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के अंतर्गत मनाया जायेगा आगामी 10 अप्रैल 2025 , चैत सुदी तेरस के दिन 2624 वां भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव भव्य रूप में। आगे जानकारी देते हुए समिति के वर्तमान महासचिव वीरेंद्र डागा ने बताया कि सकल जैन समाज रायपुर प्रति वर्ष जो भारत वर्ष में अपने आप में अनुठा आयोजन है जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव सकल जैन समाज समाहित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के अंतर्गत 15 दिवसीय विशेष आयोजनों को समाहित करते हुए मनाता है जिसके निर्धारण के लिये दिनांक 18 जनवरी 2025, शनिवार को जैन समाज के सभी घटकों की आमसभा रात्रि 8 बजे आराधना हाल, श्री ऋषभदेव जैन मंदिर, सदर बाजार, रायपुर में आयोजित की गई है। आमसभा में गत् 2024 समिति अपना प्रस्तुतीकरण देगी तत्पश्चात 2025 हेतु नवीन समिति का निर्धारण उपस्थित सदस्यों के द्वारा होगा, जिसमें विशेष रूप से अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष तीन महत्वपूर्ण पदों का निर्वाचन होगा।

शहरी बेघरों के लिए बना आश्रय स्थल

उत्तर बस्तर कांकेर, 18 जनवरी। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत शहरी बेघरों के लिए प्रत्येक बड़े नगरीय निकायों में आश्रय स्थल का निर्माण किया जा रहा है। जिसके परिपेक्ष्य में नगर पालिका परिषद कांकेर अंतर्गत भी आश्रय स्थल का निर्माण नया बस स्टेण्ड के समीप किया गया है। जिसका संचालन मार्च 2019 से किया जा रहा है, नगर पालिका परिषद् कांकेर अंतर्गत निर्मित आश्रय स्थल में कुल 28 बिस्तर की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 14 पुरुष एवं 14 महिला के ठहरने की व्यवस्था के साथ स्वच्छ पानी, गद्दे, तकिया, चादर, कम्बल, कुलर आदि की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मनोरंजन हेतु टीवी की व्यवस्था भी की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी की स्थापना किया गया है। आश्रय स्थल पर कोई भी आश्रयहीन व्यक्ति निःशुल्क ठहर सकता है एवं अन्य व्यक्ति वहां न्यूनतम शुल्क अदा कर ठहर सकता है। अब तक आश्रय स्थल में कुल 8200 व्यक्ति ठहर चुके हैं। उक्त आश्रय स्थल का लाभ कांकेर एवं अन्य क्षेत्र से आ रहे व्यक्तियों के द्वारा लाभ लिया जा रहा है।

जल जीवन मिशन अंतर्गत बोड़ागांव बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम

उत्तर बस्तर कांकेर, 18 जनवरी। जिले के विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम बोड़ागांव में सरपंच ग्राम पंचायत की उपस्थिति में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्राम को प्रमाणीकरण किया गया। ग्राम सभा में जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए आगे भी योजना को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक संचालन करने को कहा ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। साथ ही जल जीवन मिशन योजना की संपूर्ण जानकारी देते पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए जानकारी दी गई। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने की नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा

जगदलपुर 18 जनवरी। आयुक्त छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग श्री अजय सिंह द्वारा शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 कराये जाने हेतु तैयारी सहित प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं कानून व्यवस्था सम्बन्धी समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले तथा राज्य शासन के सचिव और वरिष्ठ उच्च अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला स्तर के आवश्यकताओं तथा समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की गई। आवश्यक तैयारियों के साथ-साथ पुलिस बल की उपलब्धता के सम्बंध में चर्चा की गई। इस दौरान अवगत कराया गया कि नगरीय निकाय निर्वाचन एक फेज में होगी। वहीं त्रिस्तरीय पंचायतों का निर्वाचन तीन फेज में सम्पन्न करवाए जाने का प्रस्ताव सभी जिलों द्वारा दिया गया है। इस दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री हरिस एस, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, आयुक्त नगर निगम श्री निर्भय साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

तृतीय वर्ग शास. कर्म. संघ ने सीएम के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतिय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की संभागीय बैठक में लिये गये निर्णय उपरांत प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार को कर्मचारी संघ ने 12 बिन्दुओं की मांग संबंधी मुख्यमंत्री के नाम दंतेवाड़ा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण किए जाने की मांग की। तृतिय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष दिलीप शर्मा एवं विभिन्न विभागों में पदस्थ कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर दंतेवाडा राजेश कुमार पात्रे को सौंपा।

तृतिय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने अपने ज्ञापन में बिन्दुवार 12 समस्याओं का जिक्र किया है जिसमें केंद्रीय कर्मचारियों एवं

पेंशनरों को 53 फीसदी महंगाई के तर्ज पर राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को भी 50 से बढ़ाकर 53 फीसदी किए जाने। केंद्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित म0प्र0 की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश देने। शिक्षक/लिपिक सहित विभिन्न संवर्गो के वेतन विसंगति दूर करने हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन यथाशीघ्र सार्वजनिक किए जाने, हेण्डपम्प टेक्निशियन को 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर सुपरवाईजर पद पर पदोन्नति करने। सभी संवर्गो के अधिकारी/कर्मचारी को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश जारी करने। सभी संवर्गो के लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी करने। संविदा, दैनिक, अनियमित, प्लेसमेंट, कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किए जाने तथा म0प्र0 की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने। शासन द्वारा श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश पुनः सभी विभागों को प्रदाय करने हेतु निर्देशित करने। अनुकम्पा से आये लिपिकों हेतु पूर्व की भांति कार्यालय प्रमुख/विभागाध्यक्ष एवं अन्य तकनीकी संस्थाओं को कौशल परीक्षा हेतु अधिकृत किए जाने। सभी विभागों के आकस्मिक निधि से नियमित सेवा निवृत्त कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण दिए जाने संबंधी आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी किए जाने। संघो को विभाजित म0प्र0 की भांति स्थाई मान्यता जारी किए जाने तथा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु स्वीकृत पद का 10 प्रतिशत का नियम पुनः एक बार शिथिल करने जैसी प्रमुख मांगे रखी है। अब देखना होगा की शासन एवं प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर कितनी गंभीरता दिखाती है और कब तक इन समस्याओं का निराकरण हो पाता है यह तो आगे देखने वाली बात होगी। कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दिलिप शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण जब तक नहीं हो जाता कर्मचारी संघ जिला व प्रदेश स्तर पर शासन को पत्र लिखकर एवं आवयशकता पड़ा तो आंदोलन के माध्यम से भी सरकार को जगाने का काम करते रहेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया बेहद संवेदनशील हैं एवं कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति हमेशा से उनका ध्यान रहा है लिहाजा पुरी उम्मीद है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान दीपक कुमार, रामलाल नेताम, जगमोहन सोनी, प्रमोद एक्का, हरीश रथ, अजय मरकाम, सपना कर्मा, विक्रम पुजारी, डीएस सैनी, नेमन चंद्राकर, सीएल साहू, लोकेंद्र डंडोतिया, सुरेश मरकामी, लिपिप दुगर्म, गिरीश तिवारी एवं भोजरात यादव समेत कई अन्य कर्मचारी बन्धु उपस्थित थे।

कलेक्ट्रेट भवन में जगह-जगह फाल्स सिलिंग उखड़ी, शौचालयों में भी पसरी गंदगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 18 जनवरी। करोड़ों रूपए की लागत से बनाए गए किसी आलीशान महल सा दिखने वाला विशाल कलेक्टोरेट भवन का मेंटनेस नहीं होने से अब इस आलीशान भवन की दरों दीवार जगह जगह से दरकने लगे हैं। कई जगह से फाल्स सिलिंग टूट टूटकर गिरने लगी है । लापरवाही के चलते कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। समय रहते मरम्मत करवा देना ही सभी के हित में होगा क्योंकि कलेक्ट्रेट परिसर में ही 25 से 30 विभागों का कार्यालय संचालित है जहां सैकडों कर्मचारी बैठकर सरकारी काम करते हैं। वहीं आम लोग भी बड़ी संख्या में रोजाना कलेक्ट्रेट भवन में अलग अलग विभागों में अपने कामकाज को लेकर तथा जिले के आला अधिकारियों से मिलने आते जाते रहते हैं। भवन के छत के नीचे फाल्स सिलिंग किया गया है। कई जगहों से फाल्स



सिलिंग टूटकर गिर गया है जिसे दुबारा से ठीक नहीं किया गया है। इस ओर किसी का ध्यान भी नहीं है। बारिश के मौसम में कई जगह छतों पर पानी रिसकर जमा होता है जो बाद में नीचे फाल्स सिलिंग पर गिरता है जिससे सिलिंग मटेरियल सडकर टूटकर गिरता है। बारिश बाद भी मेंटनेस नहीं होने से फाल्स सिलिंग अब कई जगह से टूटकर गिरने लगे हैं। फाल्स सिलिंग का मलबा अगर किसी इंसान के उपर गिर गया तो गहरी चोट भी आ सकती है। लिहाजा इसकी जल्द से जल्द मरम्मत होनी चाहिए। वहीं कलेक्ट्रेट भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों के लिए बनाए गए बाथरूम व शौचालय का हाल भी बेहद खराब हो चला है। शौचालयों में अथाह गंदगी पसरी पड़ी है। पान, गुटखा खा खाकर लोग बाथरूम के दरों दीवारों पर थुकते हैं। प्रतिदिन साफ सफाई नहीं होने के चलते शौचालयों में गंदगी फैल गई है। बारूम सीट व लेट्रिन सीट भी टूटकर खराब हो चुके हैं। कचरा भर जाने से पानी निकासी स्थल पुरी तरह से चोक हो गया है। पानी की भी पर्याप्त सुविधा बाथरूम में नहीं है। दरवाजे भी उखड़ने लगे हैं। कलेक्ट्रेट जैसे भवन में जहां कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम, जैसे आला अफसर बैठते हैं वहां अगर गंदगी रहती है तो कि जिले के अन्य कार्यालयों में गंदगी का क्या ही हाल होगा। अंदाजा लगाया जा सकता है।

डाक निदेशालय दिल्ली के उप महानिदेशक पहुँचे सुकमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 18 जनवरी। डाक निदेशालय दिल्ली के उप महानिदेशक श्री निर्मल सिंह के द्वारा आकांक्षी जिला सुकमा में भ्रमण के दौरान गुरूवार को कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन से सौजन्य मुलाकात किया गया। अधिकारियों से मुलाकात के दौरान सुकमा जिले में पोस्टल सेवाओं के विस्तार और ग्रामीणों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु आवश्यक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले में डाक सेवाओं के विस्तार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान योजना, मनरेगा आदि योजनाओं की राशि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाता के द्वारा डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राही के खाते में भेजी

जा रही है। छोटे बचत खाता, पीपीएफ खाता, सुकन्या समृद्धि योजना के खातों में जमा राशि पर अधिक ब्याज दी जाती है। समय समय में डाक विभाग के द्वारा लोगों को पोस्टल सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने के लिए डाक चौपाल का भी आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही डाक विभाग के द्वारा 0-5 साल तक के बच्चों का आधार कार्ड भी बनाकर डिस्ट्रीब्यूट किया जा रहा है। सुकमा जिले के 71 ब्रांच ऑफिस और 4 सब ऑफिस कुल मिलाकर 75 पोस्ट ऑफिस के माध्यम से डाक सुविधाओं के विस्तार का कार्य किया जा रहा है। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ पोस्ट सर्किल के सहायक संचालक श्री जेएस पारधी भी उपस्थित थे।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के सुचारु संचालन के लिए दिया प्रशिक्षण

जगदलपुर 18 जनवरी। जगदलपुर के महारानी अस्पताल परिसर स्थित शहीद गुंडाधुर सभागार में शुक्रवार को सघन फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बस्तर जिले के सभी बीएमओ, बीपीएम और शिक्षा विभाग एवं मेडिकल कॉलेज के संबंधित अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम, सेक्टर प्रभारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। कार्यशाला में मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार बसंत पंडा द्वारा जिले में फाइलेरिया की स्थिति के बारे में पीपीटी के माध्यम से सभी प्रतिभागी अधिकारी-कर्मचारियों को अवगत कराया गया।

नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचनों की तैयारी की राज्य निर्वाचन आयोग ने की समीक्षा

उत्तर बस्तर कांकेर, 18 जनवरी। आगामी नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराए जाने और जिलों में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त श्री अजय सिंह के द्वारा आज दोपहर 3.30 बजे वीसी के माध्यम वर्चुअल बैठक ली गई। कांकेर जिले से बस्तर संभाग के कमिश्नर श्री डोमन सिंह और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने हिस्सा लिया।

एनआईसी कक्ष में आयोजित वर्चुअल बैठक में निर्वाचन से संबंधित तैयारियां, सुरक्षा व्यवस्था, रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति, विभिन्न समितियों के गठन, मतदान केंद्र, मतदानकर्मी, मतपेटी की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक जानकारी निर्वाचन आयुक्त के द्वारा की गई। इस दौरान बस्तर कमिश्नर ने बताया कि जिले में नाम निर्देशन अंतिम प्रकाशन 18 जनवरी को करने तथा मतदान स्थलों की शिफ्टिंग की प्रक्रिया को भी चिन्हांकित किया गया है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि जिले में निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए सभी मूलभूत तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा मतदान सामग्री, मतदानकर्मी, मतपेटी, रिटर्निंग ऑफिसर और मतदान स्थलों को चिन्हांकित करने की जानकारी दी। इसके अलावा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में बिंदुवार बताया गया। इस अवसर पर एसडीम कांकेर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मार्बल भी उपस्थित थे।

पात्र हितग्राहियों के पंजीयन के लिए नए नियम लागू

सुकमा 18 जनवरी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में निवासरत गरीब व बेघर पात्र परिवारों हेतु सभी के लिए पक्का आवास के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत, मंत्रालय के क्रियान्वयन में 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अंतर्गत आवासों के निर्माण हेतु नया मापदंड तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत मोटरयुक्त तिपाहिया व चौपहिया वाहन। मशीनीकृत तिपाहिया व चौपहिया कृषि उपकरण। 50 हजार रुपए अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड। ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो। सरकार के पंजीकृत गैर कृषि उद्यम परिवार। ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार से अधिक कमा रहा है। आयकर देने वाले परिवार।व्यवसाय कर देने वाले परिवार। ऐसे परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो। ऐसे परिवार जिसके पास 05 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो।

कलेक्टर ने स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रारंभ करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 18 जनवरी। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने शैक्षणिक संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा करते हुए शिक्षा व्यवस्था, पेयजल सुविधा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुधारने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि शिक्षण संस्थानों और आंगनवाड़ी केंद्रों में पढ़ाई के साथ ही बच्चों के समग्र मानसिक और बौद्धिक विकास का आधार होता है। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष जोर देने को कहा। कलेक्टर श्री ध्रुव ने शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा का

निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में मूलभूत व्यवस्थाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। कक्षा में बच्चों के साथ बातचीत कर उनकी पढ़ाई की स्थिति का आंकलन किया और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी केंद्र पटेलपारा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को डिजिटल माध्यम में सीखने का अवसर मिले। उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की जानकारी ली और बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केंद्र में बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा प्रदान पर जोर दिया गया।

भेलवापाल स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने शाला त्यागी बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पालकों के साथ बैठक कर विशेष प्रयास करने को कहा। मध्यान्ह भोजन की जायजा लेते हुए, भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल परिसर में किचन गार्डन शुरू करने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों को पोषण और पर्यावरणीय शिक्षा के साथ ही स्वच्छता के महत्व की जानकारी दिया जा सके।

समाचार संक्षेप

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ने जगत राम की बदली जिंदगी

सुकमा,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने सुकमा निवासी जगत राम यादव की जिंदगी बदल दी। कोरोना लॉकडाउन के दौरान आर्थिक संकट से जूझ रहे जगत राम आज एक सफल व्यवसायी बन गए हैं। यह सब संभव हो सका है छत्तीसगढ़ सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) का मकसद, शहरी गरीबों को कौशल विकास और रोज़गार के अवसर मुहैया कराना है। इस मिशन के तहत, शहरी गरीबों को स्वरोज़गार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हाट-बाजारों में सब्जी बेचकर जीवनयापन करने वाले जगत राम का व्यवसाय लॉकडाउन के दौरान पूरी तरह से ठप पड़ गया था। व्यवसाय को दोबारा शुरू करने के लिए उनके पास पूंजी नहीं थी। ऐसे मुश्किल समय में नगर पालिका परिषद सुकमा की सर्वेक्षण टीम ने उनकी मदद की और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन करने में उनकी सहायता की। जगत राम ने स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये का पहला ऋण प्राप्त किया। इस राशि से उन्होंने अपना सब्जी का व्यवसाय फिर से प्रारंभ किया। इसके बाद, उन्होंने योजना की दूसरी और तीसरी किश्त के तहत क्रमशः 20 हजार रुपये और 50 हजार रुपये का ऋण लेकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत जगत राम ने बैंक से 2 लाख रुपये का सब्सिडीयुक्त व्यक्तिगत ऋण प्राप्त किया। इस राशि से उन्होंने सब्जी व्यवसाय के साथ साथ किराना दुकान भी शुरू कर दिया। आज उनके पास एक स्थायी दुकान है और वे आत्मनिर्भर बनकर खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। जगत राम यादव कहते हैं कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने मेरे जीवन को नई दिशा प्रदान की। आज मैं अपने परिवार की सभी जरूरतें पूरी कर सकता हूं और समाज में आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन कर रहा हूं। इस सहायता के लिए मैं छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया श्री विष्णु देव साय को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ।

'मावा मोदोल' के तहत सीजी पीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क मैराथन टेस्ट सीरीज का आयोजन

उत्तर बस्तर कांकेर 18 जनवरी। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर की एक और अभिनव पहल ''मावा मोदोल'' योजना के तहत जिला मुख्यालय कांकेर में 150 छात्रों एवं भानुप्रतापपुर में 250 छात्रों कुल 400 बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन छात्रों के अलावा जिले के ऐसे छात्र जिन्होंने माह फरवरी 2025 में आयोजित परीक्षा के प्रवेश फार्म भरे हैं। उन छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के लिए निःशुल्क मैराथन परीक्षा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ऐसे छात्र जो छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तथा परीक्षा फार्म भरे हैं, ऐसे छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि सीजी पीएससी की तैयारियों में जुटे युवक युवतियों के लिए मावा मोदोल मैराथन टेस्ट सीरीज की परीक्षा 27 जनवरी से 06 फरवरी तक प्रति दिवस विषयवार परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाईन पंजीयन हेतु बारकोड भी जारी किया गया है तथा गूगल लिंक के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। मैराथन टेस्ट के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि सभी विषयों की अलग-अलग तिथि को परीक्षा प्रति दिवस दो घंटे आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा 11 दिवस तक जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जाएगा। विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रश्न पत्र तैयार कराया जा रहा है। मैराथन टेस्ट सीरीज के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी है कि सीजी पीएससी के मैराथन टेस्ट सीरीज के अंतर्गत विकासखंड चारामा, कांकेर एवं नरहरपुर के प्रतिभागियों के लिए डाईट भवन कांकेर एवं बीआरसीसी भवन कांकेर में परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार से विकासखंड अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा क्षेत्र के छात्रों के लिए पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंतागढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विकासखंड दुर्गूकोंदल एवं भानुप्रतापपुर क्षेत्र के छात्रों के लिए मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर बीईओ कार्यालय के बाजू में भानुप्रतापपुर में आयोजित किया जाएगा। पखांजूर क्षेत्र के छात्रों के लिए बीआरसीसी प्रशिक्षण कक्ष जनपद पंचायत प्रशिक्षण कक्ष पखांजूर में आयोजित किया जाएगा। मैराथन टेस्ट सीरीज हेतु अब तक 402 छात्रों ने पंजीयन करा लिया है। पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी अर्हताधारी छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर सुनहरा अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की मजदूरी दर स्वीकृत

उत्तर बस्तर कांकेर 18 जनवरी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रशासनिक मद से कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की मजदूरी कलेक्टर दर के आधार पर अक्टूबर एवं नवम्बर का एरियर्स तथा माह दिसम्बर का वेतन की राशि 51 हजार 824 रूपए स्वीकृत की गई है। उक्त राशि जिला पंचायत कांकेर, जनपद पंचायत अंतागढ़, चारामा और कोयलीबेड़ा हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रशासनिक मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकलनीय होगी।

एक नजर

पहचान बीजापुर योजना का मिला लाभ एसडीएम ने बांटे जाति प्रमाणपत्र

भोपालपटनम,18 जनवरी। पहचान बीजापुर योजना का लाभ लेते हुए जन्म के दो माह के अन्दर ही एसडीएम कार्यलय में जाति प्रमाण पत्र बाटे गए है।बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पहचान बीजापुर योजना अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी भोपालपटनम यशवंत नाग एवं तहसीलदार लक्ष्मण राठिया के द्वारा तहसील भोपालपटनम के विभिन्न ग्रामो मे निवासरत 10 हितग्राहियो को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हैं। शासन के निर्देशानुसार योजना का लाभ मिल रहा हैं पिता की जाति के आधार पर ही बच्चे के जन्म से दो महीने के अन्दर ही उसे जाति प्रमाण पत्र मिल जाएगा। इस निर्णय से अब स्थानीय लोगो के परिवारों वालों को फायदा होगा जो स्कूलों में एडमिशन, नौकरी आदि के लिए जाति प्रमाण पत्र बनवाने भटकते रहते हैं। अब जाति प्रमाण पत्र भी बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के साथ ही दे दिया जाएगा।

इन्हे मिला लाभः-हितग्राहियो मे कुमारी दर्शनी गुरला पिता विकास, प्रतिमा गोटा पिता दशरथ, दित्या कोरम पिता दीपक, यशवनी यालम पिता पवन, मोक्षित लटकर पिता समैया, तानिया कोरम पिता पवन, प्रियांश कोरम पिता चंद्रशेखर, हर्षित दुब्बा पिता गणपत, काव्यांश पिता रामचंद्रम उपस्थित रहे एवं उक्त योजना के तहत स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी कर वितरण किया गया तथा योजना के बारे मे जानकारी प्रदाय की गयी।

आवापल्ली में ब्लाक स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का कमलेश ने किया शुभारंभ

बीजापुर,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ब्लाक मुख्यालय आवापल्ली मे.स्टार्स क्रिकेट कल्ब के तत्वावधान मे शुक्रवार को. क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने ग्राम देवता एंव घरती माता की पूजा कर फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया इस प्रतियोगिता मे ब्लाक की ही टीम भाग ले सकेंगी विजेता को 30 हजार तथा उप विजेता को 15 हजार रूपये नगद एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया जायेगा।

शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार लाने जिला प्रशासन ने की अभिनव पहल

बीजापुर,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शिक्षा के स्तर को सुधारने जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर व्यापक स्तर पर मुहिम चलाई जा रही है। जिले के नामजद अधिकारियों को स्कूलों में क्लास लेने के निर्देश दिए गए कक्षा 1 से 12वीं तक निर्देश के परिपालन में अधिकारी स्कूलों में जाकरर बच्चों का क्लास ले रह हैं। विषय संबंधित मार्गदर्शन देने बच्चों को प?ाने सहित कैरियर गाईडेस की जा रही है।विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को सुधारने के साथ-साथ भविष्य निर्माण की दिशा में प्रोत्साहित किया जा रहा है। अधिकारियों को अपने बीच पाकर छात्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्र बिना डर भय और संकोच के अधिकारियों से सीधा संवाद कर अपने सवालों को साझा कर रहे हैं। वहीं अधिकारी अपने अनुभव और चुनौतियों से निपटने के गुर छात्रों को बता रहे हैं।

कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने अपार आईडी निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के निर्देश दिए।

चुनाव लड़ने जनपद उपाध्यक्ष ने अपनाया नया पैंतरा, नगर पंचायत से नाम कटवाकर ग्राम पंचायत में जुड़वाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 18 जनवरी। ग्राम पंचायत रहते हुए वर्तमान में नगर पंचायत बने कोपरा का विवादों से पुराना नाता है ।यहां नए-नए कारनामे कर पूरे राज्य में अपनी छवि धूमिल कर बैठे कोपरा नगर पंचायत में एक और नया कारनामा सामने आया है इस बार यह कारनामा नगर पंचायत में निवासरत जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर के योगेश साहू का है जिन्होंने गृह नगर पंचायत बनने के बाद जब उनकी दाल यहां गलती नहीं दिखा तो उन्होंने चुनाव लड़ने का नया फार्मूला अपनाते हुए पास के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत भेड्री में लगभग बीते दिसंबर माह में मतदाता सूची में अपना नाम जुडावा लिया यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नए-नए जुगाड़ बनाते हैं और तरीका खोजते हैं पर यह तरीका उन तरीकों से अलग है उन्होंने अपने किसी रिश्तेदार के यहां किराए नामा बनाकर किराए में रहने की बात कही और ग्राम पंचायत बी एल ओ के साथ मिलकर अपना नाम जुडावा लिया ।हैरानी की बात यह है कि वर्तमान सरपंच ने भी किराए नामा में ग्राम में निवासरत बताकर नाम जुड़वाने में मदद किया और वही सरपंच शिकायत करने एसडीएम कार्यालय भी पहुंच गया इस प्रकार आगामी त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव लड़ने के लिए या पूरी कूट रचित और गणित कर नाम जुड़वाने का मामला सामने आया है जबकि पिछला चुनाव जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर योगेश साहू ने कोपरा में ही रहकर ही चुनाव लड़कर जीता था जो वर्तमान में उपाध्यक्ष के पद पर पदस्थ है साथ ही संभवतः विधानसभा और लोकसभा का चुनाव भी कोपरा के निवासी बनकर और वहां के मतदाता सूची के आधार पर ही उन्होंने मतदान किया था ऐसे में सूत्रों की माने तो नियम की बात की जाए तो निर्वाचन आयोग की नियमानुसार जो व्यक्ति विधानसभा लोकसभा का मतदान जहां से किया है उसे वहीं का निवासी माना जाएगा और ग्राम पंचायत में उनका नाम नई जगह में नहीं जोड़े जाने की बात कहा गया था। ऐसे में ग्राम पंचायत सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों शिकायत लेकर एसडीएम कार्यालय राजिम पहुंचे थे जिस पर एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन अपर कलेक्टर को देने की बात कही है । इस तरह इस खेल को लेकर गांव में माहौल गर्म है वर्तमान सरपंच के इस कारनामे को लेकर गांव में खूब फजीहत हो रही है। क्योंकि वर्तमान सरपंच ने किरायानामा भी जारी कर दिया और शिकायत करने भी पहुंच गया वह इस बारे में क्या कहते है जिम्मेदार

- ग्राम पंचायत बी एल ओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता टामिन बाई साहू,,, से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मेरा इसमें कोई हाथ नहीं है ऑनलाइन उन्होंने अपना नाम जुड़वाया है इसका शिकायत सरपंच द्वारा किया गया करके मुझे भी जानकारी मिला है।
- ग्राम पंचायत सरपंच मोहन साहू वार्ड पंच के कहने पर किराए नामा पर मैंने दस्तक कर दिया वैसे गांव में नहीं रहता एसडीएम कार्यालय में शिकायत करने हम लोग ग्रामीणों के साथ गए थे।
- उपाध्यक्ष योगेश साहू जनपद पंचायत फिंगेश्वर,, विरोधी पक्ष की चाल है मेरे साथ सीधा टक्कर चुनाव में नहीं कर पा रहे हैं तो इस तरह गलत सलात शिकायत कर रहे हैं ग्राम पंचायत भेड्री में मेरा खेत है यहां मैं अपने रिश्तेदार के यहां किराए में रहता हूं यह सब किसका खेल है मैं अच्छी तरीका से जानता हूं ।।
- सी एम ओ श्याम लाल वर्मा नगर पंचायत कोपरा ,मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पूर्व इनका नाम यहां से कट गया था। बाकी शिकायत के बारे में मैं नहीं सुना हु।।
- एसडीएम राजिम विशाल महाराणा,, ग्रामीणों द्वारा शिकायत का आवेदन प्राप्त हुवा है ग्राम पंचायत में जनपद उपाध्यक्ष द्वारा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का शिकायत प्राप्त हुआ है बिना बी ,एल, ओ, के आई डी से किसी का नाम काटना या जोड़ना नहीं किया जा सकता।

इस मामले को लेकर जांच कर प्रतिवेदन अपर कलेक्टर को दे दिया गया है आगे अपील वा सुनवाई का फैसला वहीं से होना है।

नियद नेल्लानार योजना में शामिल गांव पालनार के नवजात शिशु का बना जाति प्रमाणपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 18 जनवरी । विष्णुदेव साय के सुशासन का असर अंदरूनी क्षेत्रों में व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अंदरूनी क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार सुरक्षा के साथ विकास और विश्वास की अवधारणा का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत पूरी हो रही है। सुरक्षा कैम्प के पांच किलोमीटर की परिधि में विकास की रफ्तार को ब?ाने जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। पालनार में आयोजित जनसुविधा शिविर में अधिकारी-कर्मचारी शासन के विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कर रहे हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा संचालित विशेष योजना एवं अभिनव पहल के तहत जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं का स्थाई जाति प्रमाणपत्र बनाने का कार्य राजस्व विभाग द्वारा पूरी तन्मयतापूर्वक की जा रही है जिसका परिणाम नियद नेल्लानार गांव के ग्रामीणों को भी मिल रहा है।

एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल के नियद नेल्लानार गांव पालनार के ग्रामीण श्री पायकू लेकाम के नवजात शिशु किस्मत लेकाम का स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाकर स्वयं पालनार पहुंचे और उनके पालक को प्रमाण पत्र प्रदाय किया। पायकू लेकाम जाति प्रमाण पत्र पाकर बहुत ही प्रसन्न हुआ और जिला प्रशासन के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पालनार जैसे सुदूर गांव में आकर एसडीएम द्वारा जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करना बहुत ही ब?ी बात है। जाति प्रमाण पत्र जैसे शासकीय दस्तावेज बनवाने में बहुत ही परेशानियों का सामना करना प?ता है। लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में स्थानीय स्तर पर ही सभी प्रकार के दस्तावेज मिल रहे हैं। पालनार मुतवेंडी कांव?गांव जैसे सुदूर गांवो में अब जाति, निवास, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक पासबुक जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज सुगमतापूर्वक मिल रहा है जिससे शासन की योजनाओं से जु?ने में ग्रामीणों को सहूलियत हो रही है।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने 12 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

बीजापुर,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु ध्यान आकर्षण ज्ञापन आज पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंप कर निराकरण हेतु निवेदन किया। माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के बारे में विगत दिनों संभाग स्तर पर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें प्रांताध्यक्ष जी आर चंद्रा तथा संभाग के पदाधिकारियों ने विचार विमर्श कर 17 जनवरी को भोजन अवकाश में ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया जिसके तारतम्य में जिला बीजापुर के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल को ज्ञापन सौंप सौंपा गया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ शासन का मान्यता प्राप्तप्राप्त संगठन है जिसका पंजीयन क्रमांक 249 है जो अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से सक्रिय है एवं कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्षरत है । कर्मचारियों की विभिन्न मांगे इस प्रकार हैं = केंद्र के कर्मचारी एवं पेंशनरों को वर्तमान में 53त्न महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है जबकि राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को 50त्न महंगाई भत्ता प्राप्त होता है फलस्वरुप केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक से महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत की वृद्धि की जाए, केंद्रीय कर्मचारियों एवं अभिभाजित मध्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किया जाए,पटवारी,शिक्षक,लिपिक सहित विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति दूर करने हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन यथाशीघ्र सार्वजनिक किया जाए,प्रदेश के सभी संवर्गों के अधिकारी कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश शीघ्र जारी किया जाए, सभी संवर्गों के लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी किया जाए, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए, शासन द्वारा श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश पुनश्च सभी विभागों को प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति से आए हुए लिपिको हेतु पूर्व की भांति कार्यालय प्रमुख, विभाग अध्यक्ष एवं अन्य तकनीकी संस्थानों को कौशल परीक्षा हेतु अधिकृत किया जाए, क्योंकि वर्तमान व्यवस्था जटिल एवं सामान्य लोगों के होने के कारण परीक्षा आयोजित नहीं हो पा रही है, सभी विभागों के आकस्मिक निधि से नियमित सेवा निवृत्त कर्मचारियों को अवकाश नगरीकरण दिए जाने संबंधी आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी किया जाए, ताकि कर्मचारियों को बार-बार माननीय न्यायालय के शरण में न जाना पड़े, संघों को अभिभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता जारी किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति हेतु स्वीकृत पद का 10त्न का नियम पुनः एक बार शिथिल किया जाए, बीजापुर जिला मुख्यालय में संघ का भवन निर्माण एवं संवैधानिक रूप से धरना प्रदर्शन हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग से लगा हुआ या समीपस्त स्थल आबंधित कर शेड निर्माण करवाया जाए।

प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख स्वामित्व कार्ड वितरित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 18 जनवरी। आज जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री के स्वामित्व कार्ड योजना के तहत वीडियो वर्चुअल योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री की बातों को सुना और गरियाबंद जिले के झाल खमार गांव के 27 लोगों को उनके स्वामित्व पट्टे का वितरण कियाप्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में लगभग 65 लाख संपत्ति कार्डों का ई-वितरण किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा,स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत में संपत्ति के अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल संपत्ति मालिकों को सशक्त बनाता है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है।÷प्रधानमंत्री ने अंत में कहा, ÷यह योजना ग्रामीण भारत में भूमि विवादों को कम करने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और समग्र विकास को गति देने में सहायक सिद्ध होगी संयुक्त राष्ट्र संगठन ने भी इस पर चिंता व्यक्त किया था कि हर इंसान को अपना भूमि का स्वामित्व नहीं मिलेगा अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी इसे देखते हुए हमने भी प्रयास किया और यह प्रयास काफी हद तक सफल रहा यह प्रमाण पत्र या स्वामित्व कार्ड एक कानूनी दस्तावेज है जिसके आधार पर आप आसानी से लोन ले सकते हैं दुर्भाग्य यह रहा कि पूर्व सरकारों ने इस विषय पर ज्यादा कुछ नहीं किया अगर यह करता तो आज गरीबी काफी हद तक संभाल जाती ।इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा हमने ड्रोन के माध्यम से जो सर्वे कराया है उसे सटीक माप होगा आबादी भूमि का इसका सबसे अधिक लाभ गरीब व आदिवासी लोगों को मिलेगा जिसका सटीक सर्वे होगा वहीं इसमें एक महत्वपूर्ण बात यह है कि 100 करोड़ का आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होगी और लोगों की गरीबी कम होगी क्योंकि मकान के पट्टे के बाद वे बैको से लोन लेकर अपना जिवका उपार्जन कर सकते हैं 23 करोड़ भू अधिकार लोगों का परीक्षण किया गया है और आज देश के 98त्न लोगों का जीटी कारण भूमि के पत्ता का बिजली के जीटी कारण हो गया है और महत्वपूर्ण बात यह है कि 25 करोड लोगों को भू आधार नंबर दिया जा चुका है। आज 25 करोड लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं यह सब स्वामित्व पट्टा के चलते ही संभव हो पाया है इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 10 सालों के अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई आज गरियाबंद के जिला कार्यालय के सभागार में ग्राम ग्राम जझाल खमर के 27 लोगों को स्वामित्व पट्टा प्रदान किया गया और इस अवसर पर एसडीएम राकेश गुलशन ने कहा यह भी कहा अभी शुरुआत है अब इस पर तेजी से और अधिक काम होगापंचायती राज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ ने शत-प्रतिशत ड्रोन सर्वेक्षण पूरा कर लिया है, जिससे 3.17 लाख से अधिक गांवों का मानचित्रण संभव हुआ है।इस कार्यक्रम में कई केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और देशभर के प्रमुख हितधारक वर्चुअली शामिल हुए। स्वामित्व योजना के तहत अब तक कुल 67,000 वर्ग किलोमीटर ग्रामीण आबादी भूमि का सर्वेक्षण किया गया है, जिसका मूल्य 132 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

अनुशासन का पाठ पढ़ाने कलेक्टर ने संभाली कमान

रायगढ़, 18 जनवरी। समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश के बाद लगातार ऑफिसेज के निरीक्षण का दौर जारी है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने खुद अधिकारी कर्मचारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने की कमान संभाली है। वे सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर ऑफिस असेंबली में होने वाले राष्ट्रगान में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने जांच दल को जिला मुख्यालय के अन्य कार्यालयों के निरीक्षण के निर्देश दिए। जिसके पश्चात अपर कलेक्टर श्रीमती ऋष्ठा ठाकुर और डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग में दबिश दी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 10 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। वहीं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत ऑफिस परिसर में स्थित तीन कार्यालयों की जांच की गई। इसमें केलो परियोजना के 17 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले, कार्यपालन अभियंता श्री मनीष कुमार गुप्ता भी ऑफिस उपस्थित नहीं पाए गए। वहीं 4 कर्मचारी जल संसाधन संभाग रायगढ़ के समय समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं पाए गए। इन सभी अधिकारी कर्मचारियों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि ऑफिस समय से शुरू हों। यह जांच की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी और आगे कार्यवाही भी सख्त होगी।ये अधिकारी कर्मचारी मिले अनुपस्थितआकस्मिक निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में अनुपस्थित मिले अधिकारी कर्मचारियों में कार्य.अभियंता केलो परि. सर्वे. संभाग रायगढ़ से फिटर ग्रेड 3 श्री शिवनारायण सिंह, पत्र वाहक श्री यशवंत लोहिया, चौकीदार श्री मुरितराम कश्यप एवं श्री गुरुवार सिंह, जीप वाहक श्री संतोष निर्मलकर, हेल्पर श्रीमती द्रौपति बाई, पत्र वाहक श्री दुर्गा सिंह चौहान, मान चित्रकार श्री एम.डी.भारद्वाज, सहायक ग्रेड 2 श्री एस.के.भारद्वाज एवं श्रीमती ममता साय, आमीन श्री के.वी.लहरे,भृत्य श्री लहरू राम गोड़, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री डमरूधर पटेल, रीता महंत, श्री बसंत कुमार दर्शन एवं ज्ञानेंद्र सिंह अनुपस्थित रहे। श्री पदुम यादव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर भारती राणा, श्री दुर्गेश माधव, श्रीमती आकांक्षा वर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर दीक्षा पटेल, दीपक कुमार पाल एवं श्रीमती पुष्प लता साहू, सहायक चौकीदार चंद्रशेखर यादव शामिल है।

एडापल्ली आश्रम के दूसरी कक्षा के छात्र करण की इलाज के दौरान मौत

भोपालपटनम,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बालक आश्रम एडापल्ली में अध्यानरत छात्र कि इलाज के दौरान मौत हो गई हैं।गुरुवार कि सुबह छात्र करण दास कि तबीयत बिगड़ी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम में भर्ती कराया गया छात्र को बुखार झटकर सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी तबियत में सुधार नही होने कि वह से डॉक्टरो नें उसे जिला अस्पताल बीजापुर रिफर किया गया वह भी सुधार नहीं होने कि स्तिथि में बेहतर इलाज के लिए उसे मेडिकल कालेज डिमरापाल भेजा गया जहाँ शुक्रवार कि सुबह इलाज के दौरान

बच्चे नें दम तो दिया। छात्र धुर नक्सल प्रभावित इलाके के सेड्रा का रहने वाला हैं यह दूसरी कक्षा का छात्र है एडापल्ली आश्रम में रहकर पाई कर रहा था। आश्रम शालाओ में बच्चों के मौत की घटनाएं आम हो गई है आए दिन आश्रम में बच्चे अपनी जान गवा रहे हैं फिर भी प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। आदिवासी ट्राईवल विभाग आश्रमो में हजारों कि संख्या में आदिवासी बच्चे रहकर प?ाई करते हैं इसनी सुविधाओं के लिए शासन हर साल करोडो कि राशि पानी कि तरह बहाता हैं। लेकिन उस हिसाब से रिजल्ट नहीं मिल पाता हैं लगातार बीजापुर जिले में बच्चों कि मौत हो रही हैं।

सांस लेने में तकलीफ व सीने में था दर्द -छात्र करण दास करसम को बुखार सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और झटके आ रहे थे, सुबह करीब 8.30 बजे भोपालपटनम के अस्पताल में भर्ती कराया गया था तबियत में सुधार नहीं हो रहा था यह से डॉक्टरो नें बीजापुर रिफर कर दिया फिलहाल बीमारी का करना अज्ञात हैं छात्र का डिमरापाल अस्पताल में मौत के बाद पोस्टमार्डम कर शव को दिया जायेगा।

लर्निंग लायसेंस शिविर 21 को राजिम में

राजिम 18 जनवरी । जिले में 36वां स?क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा स?क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों में लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार 21 जनवरी को पुराना नगर पालिका राजिम एवं बुधवार 22 जनवरी को बस स्टैंड छुरा में लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आवेदक स्वयं ऑनलाइन आवेदन भरकर अथवा शिविर में आकर निर्धारित दस्तावेज 8वीं, 10वीं अंकसूची या पेनकार्ड जिसमें जन्मतिथि उल्लेख हो, स्थायी पता आधार कार्ड या राशन कार्ड तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ओबीसी के आरक्षण में कटौती,कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन

महासमुंद, 18 जनवरी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर भाजपा सरकार ने जो पूरे प्रदेश में षडयंत्रपूर्वक ओबीसी के आरक्षण में कटौती किया है, जिसकी विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधान में दुर्भावनापूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायत में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और प्रत्याशी जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीट अन्य पिछ?ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, लेकिन अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। मैदानी क्षेत्र में अधिकतर पंचायतें ऐसी है, जहां पर लगभग 90 से 999 प्रतिशत आबादी अन्य पिछ?ा वर्ग की है, लेकिन वहां पर भी अन्य पिछ?ा वर्ग के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीट अब सामान्य घोषित हो चुकी है। शायद सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछ?ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब अनारक्षित सीट घोषित हो गई है।बस्तर सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को ब?ा नुकसान हुआ है। सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रग?, चिरमिरी, भरतपुर और सोनहत, बस्तर के सात जिले बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, दंतेवा?ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही और कोरबा जिले में अन्य पिछ?ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इस सरकार द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरी निकाय चुनाव) में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है, उसके परिणाम सामने है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत जनपद पंचायत सरपंच और पंचों का आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में ब?ी डकैती इस सरकार ने की है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार की बदनीयती के चलते अन्य पिछ?ा वर्ग की उम्मीदवार चुनाव ल?ने से वंचित हो गए हैं। स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के संदर्भ में साय सरकार ने जो दुर्भावनापूर्वक संशोधन किया है वह अन्य पिछ?ा वर्ग के साथ अन्याय है अत्याचार है। भारतीय जनता पार्टी के मूल चरित्र आरक्षण विरोधी है जब ये विपक्ष में थे तब विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित छत्तीसग? नवीन आरक्षण विधेयक को रोका। जिसमे अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत और अन्य पिछ?ा वर्ग को 14 से ब?कर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था। 2 दिसंबर को पारित किया विधेयक भाजपा के षडयंत्रों के चलते ही आज तक राजभवन में लंबित है। अब स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के नियमों में बदलाव करके ओबीसी अधिकारों में दुर्भावना पूर्वक कटौती किया गया है।धरना प्रदर्शन प्रदर्शन एवं घेराव में पंकज शर्मा नगर पालिका पर्यवेक्षक, डॉ. रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर उपाध्यक्ष नगर पालिका, दाऊलाल चंद्राकर, नरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, मोहित ध्रुव, मनोजकांत साहू, त्रिभुवन महिलांग, हीरा बंजारे, प्रमोद चंद्राकर, सती साहू, अरुण चंद्राकर, नारायण नामदेव, सोमेश दवे, गौरव चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, विजय साव, राजू साहू, डॉ.तरुण साहू, मिंदर चावला, राजेश नेताम, निखिलकांत साहू, बबलू हरपाल, भरत ठाकुर, अजय थवाईत, लता कैलाश चंद्राकर, राजेश नेताम, देवेश शर्मा, पिंकी बघेल, प्रीति साहू, नुकेश महंत, टोवा राम कन्नौजे, मो. मंसूर खान, राहुल अवा?, तबरेज खान, दशोदा ध्रुव, रवि ध्रुव, बादल बघेल, ईशा टंडन, माया पांडे, सोनम रामटेके, ममता चंद्राकर, कातिका पैकरा, भूमिका ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, सलमान, देवनारायण ध्रुव, सूरज नायक, अब्दुल जावेद, निहार राव चकोले, जय पवार, गोविंद चंद्राकर, टोमन सिंग कागजी, प्रकाश अजमानी, मिंदर चावला, मोती साहू, लीलू साहू, अरिन चंद्राकर, पुष्पेंद चंद्राकर, मेहुल सूचक, एजाज जेहरा नकवी, शकील खान, अनवर हुसैन, बसंत चंद्राकर, लखन चंद्राकर, सन्नी महानंद, चंद्रेश साहू, रविंद्र बबलू महानंद, सुरेन्द्र ठाकुर, युवराज साहू, एरिस अनवर, अनीश रजवानी, संतोष ठाकुर, इब्राहिम खान, दिया हरपाल, कान्हा प्रधान, भानू सोनी ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा।

एक नजर

लोहझर में सरपंच पद के लिए प्रबल दावेदारी कर रहे हैं यशवंत ठाकुर

छुरा, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पंचायत चुनावों के आरक्षण के बाद ग्राम पंचायत स्तर पर

चुनावी सरगर्मी तेज होने लगी है। और सभी पंचायतों में दावेदार अपने अपने स्तर पर मतदाताओं के बीच पहुंच कर चुनावी समीकरण अजमाने में जुट चुके हैं।वहीं ग्राम पंचायत लोहझर की बात करें तो यहां से युवा प्रत्याशी यशवंत ठाकुर को सरपंच पद के लिए प्रबल दावेदार के रूप में माने जा रहे हैं। युवा चेहरा होने के नाते पंचायत क्षेत्र में युवाओं के बीच अच्छी पकड़ माने जा रहे हैं। वहीं सभी स्थानीय एवं सार्वजनिक कार्यों में भी हमेशा इनकी भागीदारी मानी जाती है। साथ ही गांव स्तर पर कीसी की भी समस्याओं में अपने पंचायत क्षेत्र में अच्छा सहयोग की भावना भी रखते हैं।

आरएचआईपीएल के श्रमिकों को नियमित करने इंटक ने की मांग

तिल्दा-नेवरा, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ मजदुर सीमेंट संघ (इंटक) द्वारा रायपुर हैंडलीग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. रिंगनी के श्रमिको को नियमित करने कि मांग की।सभी श्रमिक 4 वर्षो से संयंत्र मे कार्यरत है यह रेलवे साइडिंग है जिसमे लगभग 100 श्रमिक काम कर रहे है जिसमे लोको पायलट ऑपरेटर, पाएंट मैंन, ट्रेक मैंन, हॉउस कीपींग, फिटर वेल्डर, इलेक्ट्रेशियन, इंस्ट्रूमेंट, खलासी, रीगर, हेल्पर के पद पर कार्यरत है। यूनियन अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि सभी श्रमिक लगभग 4 वर्षो से काम कर रहे है नियमित नही किया गया है श्रमिको का भरपुर शोषण किया जा रहा है आर एच आई पी एल रेलवे साइडिंग है जिससे सभी श्रमिको को नियमित कर केंद्र शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी मिलना चाहिए जब तक मजदूरों को अधिकार नही मिल जाता संघर्ष जारी रहेगा।

सुपेला (भखारा) मइई 21 को

भखारा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम-सुपेला(भखारा)में 21 जनवरी, दिन - मंगलवार को नया बाजार चौक में मंडाई मेला का आयोजन किया गया है।ग्रामवासियों की रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम - निपानी, जिला - बालोद का कार्यक्रम रखा है।जिसकी तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू, सचिव द्वारिका राम प्रधान, कोषाध्यक्ष दिग्विजयसिंह, सोनऊ राम देवांगन, बुद्धदेव साहू, कृष्णदयाल साहू, पुरन साहू जुटे हुए है।

हाईमास्ट लाइट से जगमग होगा रामलीला मैदान

भखारा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत भखारा की हृदय स्थल कहलाने वाली रामलीला मैदान के बीचोबीच अधोसंरचना मद से 9.90 लाख रुपये की लागत से हाईमास्ट लाइट लगाया जा रहा है।रामलीला मैदान में लाइट लगने से चारों तरफ पर्याप्त रोशनी रहेगी।इसके पूर्व अंधेरा होने के कारण नगरवासियों को अधिकतर असामाजिक तत्वों से परेशानियों का सामना करना पड़ता था अब हाईमास्ट लाइट की दूधिया रोशनी से असामाजिक तत्वों की उपद्रव से छुटकारा मिलेगा। उक्त जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा ने दी।

जिला कांग्रेस के नेताओं ने 4 घंटे तक शहर थाना के सामने दिया धरना

जनता से नकारे हुए पूर्व विधायक अपनी हार से बौखला गए : साव

मारपीट करने और उकसाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो: कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 18 जनवरी। बुधवार को भाटापारा नगर पालिका में करोड़ों के वाहन व जेसीबी वाहन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकाल का उल्लंघन को लेकर कांग्रेसजनों को पालिका अधिकारी द्वारा संतोष जनक जवाब ना मिलने से नाराज पालिका भवन के सामने सड़क पर नारेबाजी कर रहे कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के साथ पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के उकसाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा की गई मारपीट के विरोध तथा पुलिस प्रशासन द्वारा एफआई आर दर्ज ना करने के कारण कांग्रेस जनों ने गुरुवार को जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और शहर थाना के सामने विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में पूरे जिले के कांग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन कर नारे बाजी की तथा प्रशासन के द्वारा मांगे गए समय सीमा पर सहमति जताते हुए अपना धरना समाप्त किया, वही निर्धारित समय सीमा में उचित कार्यवाही ना होने पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की उपस्थिति में आगामी प्रदर्शन की चेतावनी भी दी।

स्थानीय कांग्रेस भवन के सामने हजारों की तादाद में उपस्थित कांग्रेस जनों और उमड़े जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए घटना के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। साव ने कहा कि प्रजातंत्र के लिए कल का दिन कलंकित हो गया, जब क्षेत्र की जनता ने एक सिरे से पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को जब नकार दिया तो अपनी खीज मिटा रहे है।सत्ता का दम दिखाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को अनावश्यक दवाब बना कर अपने आप को

शासकीय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करवा रहे है।पालिका में जो भी घटना घटी है उसका वीडियो आप सभी ने देखा है कि किस तरह पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा अपना आपा खो कर अपने कार्यकर्ताओं से बाहर खड़े कांग्रेस जनों पर हमला करवाए है।इस मारपीट में कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से ना केवल जमकर मारपीट की गई है बल्कि उनको गालियां भी दी है।विधायक इंद्र साव ने कहा कि इतनी बड़ी घटना पुलिस अधिकारियों के सामने होने की घटना का फुटेज सार्वजनिक होने के बाद भी थाना पहुंचे कांग्रेस जनों की एफआई आर नहीं लेने से स्पष्ट है कि पूर्व विधायक अपनी सत्ता से पुलिस अधिकारियों पर भी दबाव बनाए हुए है। साव ने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि कानून ना तो अंधा होता है और ना बहरा होता है। कानून सब के लिए बराबर होता है ऐसे में पुलिस को दवाब में न आकर कानून तोड़ने वालों के खिलाफअपराध पंजीबद्ध करना चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा राजनीति में काफी सीनियर है और वीडियो फुटेज में उनको उकसाते देखने के बाद हुई मारपीट में उनके खिलाफ मामला दर्ज ना होना, उनकी दबंगई को दर्शाता है। पुलिस प्रशासन को घटना में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज करना होगा, अगर पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं करी तो आगामी समय बड़े रूप में आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस के पूर्व विधायक जनक राम वर्मा सुरेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र नितिन तिवारी ने भी घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।उनका कहना है आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अपनी संभावित पराजय को ध्यान में रखते हुए यहां के भाजपा नेता मारपीट के लिए उकसा रहे है, मारपीट हो रही है, पुलिस मौजूद है, देख रही है, छोड़ा भी रही है, लेकिन अपराध पंजीबद्ध नहीं कर रही है। वही जब हमारे भिलाई विधायक कुछ किए ही नहीं तो उन्हें जबरन आरोपी बनाकर जेल में भेज दिया गया है। कांग्रेस नेताओ का कहना है कि सत्ता तो आते जाते रहती है लेकिन सत्ता का घमंड जो यहां देखने को मिला वो प्रजातंत में कभी स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस पूरी एकता और मजबूती के साथ इस अन्याय के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

इस धरना प्रदर्शन को सुशील शर्मा, रमेश यदु, सतीश अग्रवाल, सुनील माहेश्वरी, बसन्त भृगु, राजकुमार शर्मा, अरुण यादव, आलोक मिश्रा दिवाकर मिश्रा, लक्ष्मी पाण्डेय,, सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया। कांग्रेस भवन की सभा के बाद रैली के शक्ल में कांग्रेस जन नारे बाजी करते हुए शहर थाना पहुंचे और पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए लगभग 4 घंटे तक धरना प्रदर्शन करते हुए विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में सड़क पर बैठ गए। विधायक और जिले के कांग्रेस नेताओं को लंबे समय से सड़क पर बैठे देखते हुए प्रशासन के अधिकारियों ने उनके ज्ञापन को लेते हुए उनसे कुछ दिनों के लिए समय मांगा, जिस पर कांग्रेस जनों ने सहमति देते हुए राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार सहित काफी बड़ी तादाद में पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। धरने मे मुख्य रूप से ईश्वर सिंह ठाकुर, सुमित्रा धरिटलहरे, शैली भाटिया, जित्तू शर्मा जित्तू ठाकुर, त्रिलोक सलूजा, संतोष तिवारी, आर्यन शुक्ला, गोपी साहू, राधेश्याम फगा, विनोद अग्रवाल, अमर मंडावी, चंद्रशेखर चक्रधारी, संतोष तिवारी, वैभव केसरवानी, धनंजय तिवारी, मनमोहन कुर्रे, राजा तिवारी, मुकेश साहू, प्रमिला साहू, पूर्णिमा श्रीवास, सावित्री ध्रुव, दिनेश तिवारी, मोहन निषाद शामिल थे।

कोरासी में श्रीमद् भागवत कथा

ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 18 जनवरी। विकासखंड के ग्राम कोरासी(खड़मा) में कंवर परिवार के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रवचन कर्ता पंडित नारायण प्रसाद द्विवेदी ने कथा के तृतीय दिन शिव विवाह ध्रुव चरित्र का रसपानभक्तों को कराया।कथा में छ.ग.सर्व आदिवासी समाज जिला गरियाबंद मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनिराम ठाकुर, समाजसेवी मनोज पटेल विशेष रुप से शामिल हुए।ठाकुर एवं पटेल ने भोलेनाथ शिव शंकर प्रतिमा का पूजा- अर्चना कर क्षेत्र के लिए खुशहाली की कामना की साथ ही कथा व्यास पर विराजमान नारायण प्रसाद द्विवेदी का गमछा एवं श्रीफल सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने बढ़ाया जिले का मान

उप मुख्यमंत्री एवं खेलकूद मंत्री के हाथों हुए सम्मानित, कलेक्टर ने विजेता युवाओं को दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 18 जनवरी। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी 2025 को रायपुर के सांइस कॉलेज मैदान एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिला के नार्यन सेन,

गौतम मिरि एवं परिवेश कन्नौजे विज्ञान मेला (सामूहिक) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं प्राची पटेल, आदित्य साहू, तुकेश साहू, सुनील साहू एवं प्रदीप कुमार सेन ने कृषि उत्पाद में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है।उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा ने इन प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर दीपक सोनी एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर ने बताया कि राज्य स्तरीय आयोजन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से कुल 60 सदस्यीय दल (प्रतिभागी/ऑफिसियल्स) ने भाग लिया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में एकल लोकनृत्य, दलीय लोकनृत्य, एकल लोकगीत, दलीय लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालीक भाषण, कविता लेखन एकल विज्ञान मेला, समूह विज्ञान मेला, हस्तशिल्प एवं कृषि उत्पाद विधाएं सम्मिलित किया गया।

कविता ने बोड़तरा में किया लाखों के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 18 जनवरी। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत अपने गृह ग्राम बोड़तरा में लाखों रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कविता कुमलेश देवांगन ने ग्राम के सभी सामाजिक प्रमुख की उपस्थिति में किया, जिसमें महिला प्रतीक्षालय मावली मन्दिर के पास, गौरा गौरी चौक में रंगमंच, सी सी रोड, स्कूल के पास सी सी नाली, कन्हार तालाब सी सी नाली, 4 बोरवेल्स एवं सिंटेक्स पानी टंकी का लोकार्पण एवं सी सी नाली, स्कूल चौक का रंगमंच का भूमिपूजन शामिल है, साथ ही जिला सदस्य कविता कुमलेश देवांगन एवं इंजीनियर के के देवांगन द्वारा गांव के सभी सामाजिक प्रमुख एवं युवा साथियों का साल श्रीफल एवं गमछा से सम्मान किया गया, ग्राम वासियों ने गांव में किए विकास कार्यों को लेकर जिला सदस्य एवं देवांगन जी का आभार जताया, इस अवसर पर के के देवांगन ने कहा कि गांव की सेवा करने के लिए मै हमेशा तैयार हूं आप सभी का प्यार और आशीर्वाद हमेशा हमको मिलता रहे।

इस अवसर पर गांव के प्रमुख जन उपसरपंच उमाकांत आड़ील, चैनसिंह ध्रुव, खूबी राम ध्रुव, आशकुमार अनंत, लखन साहू, गोवर्धन साहू, जोहन निर्मलकर, वाशु निर्मलकर, पिरनता देवांगन, बंशी देवांगन, राम यादव, संतोष यादव, निर्मल नायक, रामकली ध्रुव, ललिता देवांगन, बिंदेश्वरी नायक मुकेश ध्रुव, रोहित ध्रुव, छन्नू सेन सहित गांव के पंच गण, युवा साथी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

बीएनबी विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन, विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

पढ़ाई के साथ कला व संस्कृति खेलकूद जरूरी : टंकराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 18 जनवरी। बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 16 जनवरी को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ।

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय टंक राम वर्मा खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल महामंत्री भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण, श्रीराम पंजवानी उपाध्यक्ष भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण, विकास सुखवानी पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिल्दा

नेवरा शाला विकास समिति एवं जन भागीदारी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, चंद्रकला वर्मा, अध्यक्ष जन भागीदारी समिति कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोहका ईश्वर यदु आनंद शर्मा, टी.आर. गौतम, अनीता सक्सेना, बेबी गोस्वामी नरसिंह वर्मा लोक राम बघेल सौरभ जैन, अनुराधा वर्मा नंदनी खिचरिया, सुधा चौबे पार्षद प्रियांश सोनी, डॉक्टर लक्ष्मण साहू, दीपक मेघानी, आशीष भूटानी व विजय ने विद्यालय के विद्यार्थियों हेतु ?2000 स्वयं दिए जिनके माननीय मंत्री ने स्वागत किया एवं विद्यालय के विकास मे सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंक राम वर्मा ने विद्यालय के शेड विस्तार के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की एवं छात्र-छात्राओं के पढ़ाई के साथ-साथ कला एवं संस्कृति खेलकूद आदि सभी क्षेत्रों में चहुमुखी विकास पर बल दिया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता जे.के. जेहोआश एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सुश्री सुमन नेताम एवं कांति बारा के द्वारा किया गया विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम संलग्न विद्यालय पूर्व माध्यमिक शाला क्रमांक 1 एवं पूर्व माध्यमिक शाला क्रमांक 2 के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य सामूहिक नृत्य, प्रहसन की विभिन्न कला एवं संस्कृति पर मनमोहक प्रस्तुति दी इस कार्यक्रम में उपस्थित व्याख्याता शिक्षक, शिक्षिकाओं के नाम खूबचंद कश्यप, एस के टंडन एस के सेन टी पी वर्मा, नरेंद्र रात्रे, भगवान सिंह नेताम एस दुबे, किरण साहू, कुमारी अलका मिश्रा, कुसुम नाग, सविता वर्मा, प्रधान पाठक विनोद वर्मा संगीता रानी जेहोआश कामिनी देवांगन अर्चना शेंडे सरिता सेन, नारायण साहू का विशेष योगदान रहा आभार प्रदर्शन का कार्य जे.के. जेहोआश सर के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा की अनुमति से की गई

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग
रा.प्र.क्र. 202412/01000201
अ-6-अ वर्ष 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरदार सोहेन्दर सिंह पिता सरदार मिंया सिंह निवासी कुरुद्द द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 19. रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि 20 का टु. रकबा 2.60 एकड़ आवेदक द्वारा उक्त भूमि को विक्रेता भुलउ पिता स्व0 लतेल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.01.1971 क्रय कर पंजीयन दिनांक से काबिज था। भूलवश आवेदक द्वारा प्रमाणीकरण नही करवाया पाया था। उक्त भूमि वर्तमान में अन्य के नाम पर दर्ज है। जिसे विलोपित कर क्रेता के नाम पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 6.02.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202412092100022
अ/6 वर्ष 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कमलेश्वरी पति गजेन्द्र, उम्र 40 वर्ष, जाति-नाई निवासी वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़, तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका के पति के नाम व स्वामित्व हक की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित शीट नं. 2 भूखंड क्रमांक 907/1 रकबा 694 वर्गफीट भूमि स्थित है। आवेदिका के पति गजेन्द्र की मृत्यु दिनांक 16/1/2020 को हो चुकी है। आवेदिका अपने पति के स्थान पर अपना नाम फौती नामांतरण दर्ज कराना चाहती है तथा गजेन्द्र की वंशावली निम्नानुसार है-पत्नी कमलेश्वरी बाई, पुत्री पिंकी चंदेल, पुत्री अंजली चंदेल। फौती नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 24/01/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)
क्रमांक 1026/ प्रस्तुतकार/ विवाह अधि./2024-25
दुर्ग, दिनांक 16/12/2024
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेंद्र दास दास मानिकपुरी पिता स्व राजेंद्र मानिकपुरी निवासी वार्ड 08 ग्राम पसौद फिंगेश्वर तहसील राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.) पिन 493992 आवेदिका रिना साहू पिता स्व. अश्वनी साहू पता निवासी वार्ड नं. 10 देवांगन मोहल्ला सुपेला भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 490033 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 21/01/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड दन्तेवाड़ा,
(फोन/फैक्स नं.- 07856-252362, ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू.क्र./67-68/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./2025 दन्तेवाड़ा, दिनांक 15/01/2025

//निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।

कार्य का नामः- नलकूप खनन कार्य।

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का वितरण	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
1		रिस्क एंड कॉष्ट विकासखण्ड कटेकल्याण में 38 नग नलकूप खनन	पंचम काल	43.20	32400.00
2		रिस्क एंड कॉष्ट विकासखण्ड कुआकोण्डा में 27 नग नलकूप खनन	पंचम काल	29.67	22260.00
		कुल योग		**72.87**	

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

टीपः- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.01.2025 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दन्तेवाड़ा

जी-242505408/3

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, (छ.ग.)

क्र./चार/रा.वि./2025/249/290 भिलाई, दिनांक 14/01/2025

-:: फ्री-होल्ड हेतु दावा आपत्ति सूचना::-

छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-8-5/2022/18 के सम संख्यक आदेश दिनांक 06.07.2022 द्वारा नगरीय निकायों के स्वयं के आधिपत्य/स्वामित्व के लीज होल्ड पर आबंटित आवासीय/व्यवसायिक (भवनों/फ्लैट्स/भू-खण्डों/परिसर/दुकानों) को संबंधित नगरीय निकायों राजस्व विभाग से विधिवत भू-स्वामित्व प्राप्त होने पर फ्री-होल्ड के रूप में संपरिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फ्री-होल्ड के रूप में सपरिवर्तन के लिये निम्नांकित भूखण्ड धारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर फ्री-होल्ड के रूप संपरिवर्तन किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.	पट्टाधारी का नाम पिता/पति का नाम	योजना का नाम	ब्लाक क्र. /भूखण्ड क्र.	आकार
1	श्री बिरेश्वर सेन गुप्ता आ. स्व. निर्मल कुमार एवं श्रीमती जयश्री सेन गुप्ता पति विशेश्वर सेन गुप्ता	प्रियदर्शनीय परिसर पूर्व आ. योजना	13/06	330 व.मी.
2	श्री डी.के. महोबे आ. टी.एल. महोबे	प्रियदर्शनीय परिसर पश्चिम आ. योजना	11/15	330 व.मी.
3	श्री दिनोदिया इस्पात प्रो.-श्री मुकेश कुमार अग्रवाल आ. स्व. लख्मीचंद अग्रवाल	प्रियदर्शनीय परिसर पूर्व आ. योजना	03/01	360 व.मी.
4	श्रीमती आरती मौर्या पति. स्व. राजेश कुमार मौर्या, शशांक मौर्या, शालिनी मौर्या दोनों के पिता स्व. राजेश कुमार मौर्या	जवाहर नगर आवासीय योजना	12/01	215.25 व.मी.
5	श्रीमती राधा देवी पति श्री युवराज सिंह	न्यू कृष्णानगर आवासीय व्यवस्थापन	व्यवस्थापन	2524.79 व.फु.
6	पी.एल. सोमानी आ. एम.एल. सोमानी	मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आ.यो.	36/05ए एवं अतिरिक्त	262.80 व.मी.
7	श्री हरिकिरण अग्रवाल आ. स्व. के.के. अग्रवाल	मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आ.यो.	59बी/04	216 व.मी.
8	श्री हरिकिरण अग्रवाल आ. स्व. के.के. अग्रवाल	मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आ.यो.	59बी/06	216 व.मी.
9	हरीश सराफ आ. बी.एल. सराफ एवं ममता सराफ पति हरीश सराफ	मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आ.यो.	70/03	135 व.मी.
10	हरीश सराफ आ. बी.एल. सराफ एवं ममता सराफ पति हरीश सराफ	मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आ.यो.	70/04	135 व.मी.
11	चंचल दुबे एवं संतोषी शर्मा पति शैलेन्द कुमार शर्मा दोनों के आ.स्व. राजेन्द्र कुमार दुबे	मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आ.यो.	91/09	1500 व.फु.
12	श्री गौरीशंकर चौहान आ. स्व. भगवान चौहान	सुपेला मार्केट	17/01	350 व.फु.

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई

एक नजर

कॉम्पलेक्स के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर, 18 जनवरी। सरोना स्थित पार्थिव प्रोविंस के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रवीण बंजारे 24 वर्ष शासकीय अनु-जाति छात्रावास का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमटी 1626 को सरोना स्थित पार्थिव प्रोविंस के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रहही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग सड़क हादसों में चार की गई जान

रायपुर, 18 जनवरी। अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की जान चली गई। मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहला हादसा माना बस्ती के एसीसी सीमेंट के पास हुआ है। बताया जाता है कि मृतक यादोराम साहू 60 वर्ष अपनी पुत्र नीरज साहू व विकास साहू के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी कार क्रमांक सीजी 10 एफ 8999 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे यादोराम की मौत हो गई। मामले में माना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामला मेन रोड सेमरिया में हुआ, जहां ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एमआर 7037 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे एक्टिवा सवार अनिल यादव 30 वर्ष निवासी बलौदाबाजार की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। इसी तरह तीसरे मामला आरंग थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 53 स्थित ढिल्लन ढाबा शौचालय के पास इंडेन गैस टैंकर क्रमांक टीएन 88-5670 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रोड क्रास कर रहे दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बबन राव लाहने 75 वर्ष और घनश्याम यादव 40 वर्ष की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में छात्रा ने लगाई फांसी, मचा हड़कंप

रायपुर, 18 जनवरी। राजधानी रायपुर से लगे अभनपुर से आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है, यहां शुक्रवार को दावड़ा यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। घटना के बाद से हॉस्टल में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार राखी थाना अंतर्गत दावड़ा यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में 19 वर्षीय छात्रा कुमारी तनुजा ध्रुव ग्राम चटोद दरबा की निवासी ने हॉस्टल में फांसी लगा कर आत्महत्या लिया। सूचना पर राखी थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई है। फिलहाल खुदकुशी करने के कारण अज्ञात बताए जा रहे हैं, जांच के बाद छात्रा के आत्महत्या करने के कारणों का पता चल पाएगा।

एमएलए के बढ़ेंगे दैनिक भत्ते, राज्यपाल ने दी मंजूरी

रायपुर, 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ के विधायकों का दैनिक भत्ता बढ़ाने वाले संशोधन विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। राजभवन ने इसकी सूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नगर पालिका अधिनियम में किए गए संशोधन को भी राजभवन की मंजूरी मिल गई है। बता दें कि दिसंबर में हुए विधानसभा के सत्र के दौरान विधायकों का दैनिक भत्ता दो हजार रुपये करने के लिए संशोधन विधेयक पारित किया गया था। राजभवन से जारी सूचना के अनुसार राज्यपाल ने इसी महीने की एक तारीख को इस संशोधन विधेयक को मंजूरी दी है। राज्यपाल ने नगर पालिक अधिनियम में किए गए संशोधन को भी हरी झंडी दे दी है। प्रदेश के नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्षण प्रणाली से कराने के साथ ही जातिगत आरक्षण के मादपंड में बदलाव किया गया है। इसके लिए राज्य सरकार ने अध्यादेश जारी किया था।

सीएम विष्णुदेव साय का सक्ती दौरा

रायपुर, 18 जनवरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सक्ती जिले के प्रवास पर रहेंगें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर जेठा के सामने मैदान में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन एवं हितग्राही सम्मान समारोह में शामिल होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री साय सक्ती जिले को 168.25 करोड़ रुपए की लागत राशि के कुल 173 विकास कार्यों का सौगात देंगे। जिसमें 105 करोड़ 78 लाख रुपए से अधिक की लागत वाले 82 कार्यों का भूमिपूजन और 62 करोड़ 47 लाख से अधिक की लागत से निर्मित 91 निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

शहर सीरतुन्नबी कमेटी की मेम्बरशिप प्रारंभ

रायपुर, 18 जनवरी। शहर सीरतुन्नबी कमेटी फाउण्डर मेम्बरान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनूसार कमेटी की मेम्बरशिप 20 जनवरी से प्रारंभ हो रही है जिसमे नए मेम्बर बनाए जाएगें एवं पूराने मेम्बरों को रिनिवल किया जाएगा। जो मेम्बर बनने के इच्छुक है वह सीरत कमेटी की ऑफिस मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन बैजनाथपारा रायपुर मे दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक मेम्बरशिप फार्म प्राप्त कर सकते है। अंतिम तिथी 8 फरवरी तक है एवं फार्म भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी है।

रायपुर नगर निगम में जीत के लिए राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प

- मिलकर लड़ेंगे और रायपुर नगर निगम में भाजपा का झंडा लहराएंगे
- भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में नगरीय निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

रायपुर 18 जनवरी। जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आज जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया आगामी दिनों में रायपुर नगर निगम सहित प्रदेश भर में नगरीय निकाय चुनाव संभावित हैं ऐसे में भाजपा ने चुनाव तिथि की घोषणा पूर्व ही अपनी तैयारियां चालू कर दी है लगातार नगरीय निकाय चुनावों के संदर्भ में बैठकों और सम्मेलनों का दौर जारी हो चुका है इन निकाय चुनावों भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती विगत 3 बार से रायपुर नगर निगम महापौर की कुर्सी से भाजपा वंचित रही है ऐसे में अब भाजपा का पूरा ध्यान महापौर सहित रायपुर निगम से अधिक से अधिक पार्षद जितवा कर निगम में कब्जा करने की योजना बना कर कार्य कर रही है ।

आज जिला कार्यालय में आहूत कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कार्यालय में रायपुर शहर जिला के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति रही रायपुर की चारों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत , मोतीलाल साहू , पुरंदर मिश्रा और सुनील सोनी और भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित जिला प्रभारी खूबचंद पारख सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं सहित आज भाजपा परिसर कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ था जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने उपस्थित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल अब लगभग बज चुका है हम सभी कार्यकर्ताओं को अब संकल्पित होने की आवश्यकता है कि हम रायपुर महापौर सहित सभी 70 वार्डो में कमल फूल के प्रत्याशी जिताकर लाएं चुनाव में पार्टी से पार्षद चुनाव हेतु टिकट की दावेदारी का दौर शुरू हो चुका है और यह प्रत्येक कार्यकर्ता का अधिकार भी है लेकिन मैं इस गरिमामई मंच से आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि संगठन प्रत्येक कार्यकर्ताओं पर उनके कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं और निश्चित ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी का प्रत्याशी बनेगा आप सभी दावेदारी करने के अधिकारी है परन्तु आज हम सभी को यह संकल्प लेकर जाना है अंत में भारतीय जनता पार्टी जिसको अपना प्रत्याशी बनाए हमें उसको जिताने के लिए ईमानदार परिश्रम करना है इसमें आपसी मनमुटाव की कोई गुंजाइश न रहे और भाजपा के प्रत्याशी सभी 70 वार्डो में बड़ी मार्जिन से जीते । आप सभी कार्यकर्ताओं का संकल्प होना चाहिए कि नगर निगम रायपुर में कमल का झंडा फहराएंगे।

बैठक में उपस्थित रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने चिरपरिचित ओजस्वी वक्तव्य से संबोधित किया उन्होंने कहा कि रायपुर निगम की जनता को ठगने का काम कांग्रेस ने किया मैं लगातार इस बात को कांग्रेस कार्यकाल में कहते आया हूं कि उनके पास एक भी ऐसा काम नहीं जो वे कह सके इसका भूमिपूजन से लोकार्पण तक हमने किया कांग्रेस के पास लोक परोपकार का दृष्टिकोण ही नहीं बस लुट , खसोट , घपलेबाजी और हां आतंक का वातावरण जरूर बनाया और हम सभी को मिलकर रायपुर को ऐसे अराजकों से मुक्त करवाना है तो हम सब को मिलकर चुनाव लड़ना है।

नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की तिथियों का भी किया जाएगा निर्धारण

साय कैबिनेट में सेंट्रल पूल में धान बेचने, विधानसभा सत्र बुलाने सहित अन्य विषयों पर होगा विचार

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 18 जनवरी। राज्य में विष्णुदेव साय सरकार द्वारा विभिन्न मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए कल 19 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। इसमें धान खरीदी, विधानसभा सत्र, नगरीय निकाय चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर फैसला लिया जाएगा।

अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में धान खरीदी चल रही है। सरकार द्वारा 1.60 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। धान खरीदी के पश्चात किसानों को धान खरीदी के अंतर की राशि का भी भुगतान किया जाएगा। 31 जनवरी के बाद धान खरीदी की तिथि बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा 70 लाख मीट्रिक टन धान सेंट्रल पूल में लिया जाएगा इसलिए सरकार के सामने 46 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी के संबंध में भी फैसला किया जाएगा। यह धान ज्यादातर शराब डिस्टलरी वाले खरीद लेते हैं। राज्य में कस्टम मिलिंग में भी तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे। राज्य को कुल एक लाख मीट्रिक टन से ज्यादा चावल मिलिंग के माध्यम से मिलन की संभावना है। राज्य सरकार बार-बार सेंट्रल पूल में ज्यादा धान खरीदने का निवेदन कर रही है लेकिन एफसीआई द्वारा इस संबंध में कोई अधिकृत निर्णय नहीं लिया गया है। इस संबंध में साय सरकार द्वारा कोई अहम निर्णय लिए जाने की संभावना है।

24 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाने पर विचार

राज्य सरकार ने 24 फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र लाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। राज्य सरकार अब इस पर फैसला लेगी। सरकार के अनुमोदन के पश्चात राजभवन की स्वीकृति मिलने के बाद अधिसूचना जारी की जाएगी। राज्य सरकार का मंतव्य है कि 24 फरवरी के पहले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव करा लिया जाए। चुनाव तिथियों की घोषणा पर भी विचार किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की अनुशंसाओं पर विचार किया जाएगा।

मतदाता सूची का प्रकाशन आज संभव नहीं

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आज 18 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किए जाने की घोषणा की गई थी लेकिन आज भी इसकी घोषणा असंभव है। आज राज्य शासन में छुट्टी है। समझा जाता है कि 19 जनवरी को अंतिम निर्वाचन सूची जारी की जाएगी। इस संबंध में कई पक्षकार हाईकोर्ट पहुंच चुके हैं। यदि 20 जनवरी के पहले घोषणा नहीं हुई तो कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर सकता है।

युवती की हत्या पर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर लगाई इंसाफ की गुहार

रायपुर 18 जनवरी। कमल विहार में चार दिन पहले मिली युवती की अर्द्धनग्न लाश के मामले में अब तक पुलिस के आरोपियों तक नहीं पहुंच पाने पर कांग्रेस विरोध-प्रदर्शन कर रही है।पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के गेट के सामने युवती की फोटो हाथों में लिए इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस दौरान कहा कि अगर उस बेटी को न्याय नहीं मिला तो आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस पार्टी कमेटी के नेतृत्व में गृह मंत्री के घर का घेराव करेगी।और जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, तब तक हम यह लड़ाई लड़ेंगे।बता दें कि टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार सेक्टर-1 इलाके में चार दिन पहले एक युवती की अर्द्धनग्न लाश मिली थी।स्थिति को देखते हुए दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई थी।यही नहीं प्रथम दृष्टया पुलिस ने माना था कि युवती की हत्या कहीं और कर गुमराह करने की नियत से उसे कमल विहार में फेंका गया है।

स्वच्छता दीदियां स्वच्छता के लिए लोगों को कर रही प्रेरित

रायपुर, 18 जनवरी। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से भारत को स्वच्छ और खुले में शौच से मुक्त बनाना है। यह अभियान स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देता है। इसका उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार करना और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता को बढ़ावा देना है। स्वच्छ भारत अभियान को पूरे राष्ट्र के लिए एक जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। लोग न तो स्वयं गंदगी करें और न ही दूसरों को करने दें, इसके लिए स्वच्छता दीदियों द्वारा प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। धमतरी जिले के नगर पंचायत कुरूद की स्वच्छता दीदियां अपशिष्ट पदार्थो से आय अर्जित कर रही हैं। दीदियां एक साल से कचरा बेचकर 3 लाख 24 हजार रुपए की अतिरिक्त आमदनी प्राप्त की है। अनुबंधित कम्पनी से अनुमानित 55 हजार रूपये आना शेष है। घर-घर कचरा कलेवशन से मिले सूखा कचरा से यह फायदा उन्हें मिला है। गौरतलब है कि नगर पंचायत कुरूद के 15 वार्डो में एक एसएलआरएम सेंटर है, जिसमें करीब 24 स्वच्छता दीदियां काम कर रहीं है। हर दिन सुबह दीदियां डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए निकल पड़ती हैं। इसके बाद पुट्ठा, प्लास्टिक से बने सामान, टीना-लोहा से बनी सामग्रियों, शीशी-बोतल, न्यूज पेपर यानी घरों से निकलने वाले कचरा लेती हैं। इसके बाद इस कचरे को एसएलआरएम सेंटर लाया जाता है। एसआरएलएम केंद्र में सुखे कचरों की छटनी की जाती हैं। इस छटनी में गीले कचरे से खाद बनाने का काम किया जाता है और सूखे कचरे को तोड़कर बड़ी-बड़ी बोरियों में पैक कर रख दिया जाता है। पुट्ठा को बेलिंग मशीन द्वारा बेल किया जाता है। इस सूखे कचरे को हर महीने स्वच्छता दीदीयों द्वारा संबंधित अनुबंधित फर्म को बेचा जाता हैं। एक एसएलआरएम सेंटर में 30 हजार से 50 हजार रुपए तक का सूखा कचरा हर माह बेचा जाता है। यह पैसा समूह के खाते में आता है, जिसके बाद दीदियां इस राशि को आपस में बांट लेती हैं। इस प्रकार हर महीने मानदेय के अतिरिक्त एक हजार 500 से दो हजार रूप्ये अतिरिक्त लाभ दीदियां अर्जित कर रहीं हैं। श्रीमती दुलारी बाई लहरे और श्रीमती भारती कुर्रे ने कहा कि सबसे बड़ी और सबसे सफल सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल में से एक स्वच्छ भारत अभियान पिछले 10 साल से चल रहा है।

प्रदेश के श्रमिकों के हित में अनेक योजनाएं हो रही हैं संचालितः लखन लाल देवांगन

रायपुर, 17 जनवरी। श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आज शुक्रवार को शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में 78 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 31.81 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्रम श्री एस।एल।जांगड़े, श्रम कल्याण मंडल के सचिव श्री अभिषेक पांडेय, उपायुक्त श्रम विभाग श्री पैकरा, सहायक श्रमायुक्त श्री आर।के।प्रधान सहित श्रमिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के श्रमिकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका सीधा लाभ श्रमिक भाई-बहनों को मिल रहा है। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों को दाखिला दिलाया जाएगा, जिसका खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा। मजदूर का बच्चा मजदूर न रहे और पढ़ लिखकर अपना बेहतर मुकाम हासिल कर सके। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितम्बर को राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीबीटी के जरिए श्रमिकों के खाते में राशि अंतरित की थी। आज पांचवीं बार श्रमिकों के खाते में राशि हस्तांतरित की जा रही है। मुख्यमंत्री की सोच है कि समय-समय पर शासन की योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिले इस दिशा में सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। श्रम विभाग के तीनों मंडल-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है की 17 सितम्बर 2024 से 17 जनवरी 2025 तक 3 लाख 26 हजार श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 430 करोड़ 03 लाख रूपए अंतरित किये जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत मुकुल कुमार साहू, कुमारी पल्लवी वर्मा, मुकेश तिवारी को 15-15 हजार रूपए, गौरव देवांगन को तीन हजार रूपए के सहायता राशि के चेक प्रदान किया। निःशुल्क सायकल वितरण योजना प्रियंका फ्रांसिस 3706 रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत मंगली कोठले को एक लाख रूपए एवं मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना खिरो नायक को 20 हजार रूपए का चेक प्रदाय किया गया।

ई-बस सेवा से छत्तीसगढ़ में आ रही परिवहन क्रांति

रायपुर, 18 जनवरी । भारत सरकार ने अपनी समग्र नीति मे विभिन्न प्रकार की योजनाओं और पहलों के माध्यम से देश में एक डिजिटल और हरित भविष्य का निर्माण करने का प्रयास कर रही है।इसी प्रयास का एक महत्वपूर्ण पहल है प्रधानमंत्री ई-बस सेवा जिसे भारत के विभिन्न हिस्सों में लागू किया गया है।दूरदर्शी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ भी इस क्रांति का हिस्सा बना है।इस योजना से छत्तीसगढ़ में परिवहन क्षेत्र में सुधार के साथ-साथ पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है.

गांजा तस्करी : आरोपी आरक्षकों की करोड़ों की संपत्ति जब्त

रायपुर, 18 जनवरी। बिलासपुर। सुरक्षा ड्यूटी के दौरान ट्रेनों में गांजा तस्करी करने वाले आरोपी आरक्षकों की डेढ़ करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति को जब्त किया है। आरोपी चारों आरक्षकों द्वारा ट्रेन में पेट्रोलिंग चेकिंग ड्युटी में महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, चांपा, सक्ति, रायगढ आदि जगहों में जाते समय अपने साथ प्राईवेट व्यक्तियों गुड्डु उर्फ योगेश सोंधिया, छोटु उर्फ श्यामधर चौधरी को साथ में लेकर जाते थे। ट्रेन में चेकिंग के दौरान गांजा बरामद होने पर छोटु और गुड्डु के माध्यम से पूर्व से गांजा खरीदी के लिए बुलाए गए व्यक्तियों को ट्रेन में ही गांजा की सप्लाई कर दी जाती थी। इस मामले में आरोपियों के खिलाफअपराध सिद्ध होने पर कोर्ट में अभियोग पत्र पेश किया गया है।

बिलासपुर पुलिस एसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में नशे को जड़ से खत्म करने के लिए आपरेशन प्रहार चला रही है। इस ऑपरेशन के तहत ईंड टू ईंड कार्रवाई करते हुए नशे के जड़ में पहुंच कर नशे के अवैध कारोबार से कमाई संपत्ति की वित्तीय विवेचना करती है। इसके बाद आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और ईडी की तरह नशे से कमाई गई संपत्ति को अटैच करने की कार्यवाही की जाती है। पूर्व में भी 20 वर्षों से नशे का एम्पायर तैयार कर अवैध नशीली इंजेक्शन का कारोबार करने वाले सुच्चा को बिलासपुर पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार किया था और उसकी करोड़ों की संपत्ति अटैच की थी। अब गांजा तस्करी करने वाले जीआरपी आरक्षकों की संपत्ति अटैच करने की कार्यवाही की गई है। 23 अक्टूबर को जीआरपी थाना बिलासपुर में आरोपी योगेश सोंधिया, रोहित द्विवेदी के कब्जे से 20 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच में तथ्यों के आधार पर पाया गया कि जीआरपी थाना में पदस्थ आरक्षक लक्ष्मण गाईन, मन्नु प्रजापति, संतोष राठौर व सौरभ नागवंषी गांजा तस्करी के अवैध कारोबार में शामिल हैं।

संसार छोड़ संयम की राह पर चलेंगी सीए राखी सांखला

रायपुर 18 जनवरी। बालोद के डौंडीलोहारा में पली-बढ़ी बेटी राखी सांखला सांसारिक जीवन त्यागकर संयम पथ पर चलने जा रहीं हैं। उन्होंने एमकॉम, सीए आईपीसीसी ग्रुप 1 की पढ़ाई की है। परम पूज्य आचार्य भगवान 1008 श्री रामलाल जी कर पावन निश्रा में संभवत- 7 फरवरी को राजस्थान में दीक्षा लेंगी। उन्होंने लगभग 200 किलोमीटर का विहार पदयात्रा की है। धार्मिक शिक्षा में उन्होंने आरुग्गबोहिलाभं, उन्नयन, मुमुक्षु शिविर, मोक्षार्थी शिविर, मोक्षानुभुति शिविर, आरोहणा शिविर आदि किया हैं। वह मुकेश ललिता सांखला की पुत्री, सर्वज्ञ सांखला की बहन हैं। धार्मिक अध्ययन में उन्होंने श्रीदशवैकालिक सुत्र, श्रीउत्तराध्ययन सुत्र, श्रीनंदी सुत्र, श्रीसुखविपाक सुत्र, श्रीउववाई सुत्र की 22 गाथाएं, श्रीअनुत्तरीपपातिक सुत्र, श्रीभगवती,

श्रीप्रज्ञापना सुत्र के कुछ थोकड़े, पुच्छिसुणं, कर्म प्रज्ञप्ति-1-16 लगभग आदि किया है। जैन संस्कार पाठ्यक्रम 1-4 श्रुत आरोहक 1और 2 की धार्मिक परीक्षा भी दिलाई है।

वैराग्य धारण करने पर मुमुक्षु बहन राखी का कहना है कि अहिंसा, अपरिग्रह और संयम... समाज में इन्हीं तीन सिद्धांतों से शांति आ सकती है। जीवन के लिए भी यही तीन सिद्धांत लागू होते हैं। इसी पर चलकर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होने के लिए उन्होंने दीक्षा लेने का फैसला लिया। गुरु भगवंतों की कृपा और परिवार के सहयोग, आशीर्वाद से दीक्षा लेकर वे अपना जीवन धर्म-अध्यात्म में बिताएंगी। जीवन का वास्तविक अर्थ समझने के लिए वे दीक्षा को जरूरी मानती हैं।

मुमुक्षु सुश्री राखी सांखला सांसारिक जीवन को त्यागकर संयम के मार्ग पर अग्रसर हो रही है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि संयम जीवन ही मोक्ष प्राप्ति की प्रथम सीढ़ी है । मुमुक्षु के बहुमान व अनुमोदना के भावों से हमारे जीवन में भी ऐसा अवसर आने का सौभाग्य प्राप्त हो सकता है । 19 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे से श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , एम जी रोड़ में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया है । मुमुक्षु राखी के वीर माता पिता मुकेश ललिता सांखला का भी अभिनन्दन जैन समाज द्वारा समारोह में किया जावेगा । बहुमान समारोह में मुमुक्षु सुश्री राखी सांखला का प्रेमचंद उर्मिला देवी बाफना , राजमल स्वरूप देवी पारख , प्रकाश चंद प्रेमलता बुरड़ , अनिल चंद सुशीला श्रीश्रीमाल , अशोक चंद अरुणा कोठारी , महेन्द्र मीना कोचर , कमल चंद सरोज कोठारी , हरख चंद तारा कोटड़िया , दिनेश चंद सरिता बाफना , ललित अनिता ओस्तवाल , बसंत कंचन सांखला , मनोज किरण कोठारी , कैलाश चंद प्रभा ढ़ेलडिया , गौतम चंद उषा पारख , सुनील निर्मला डाकलिया , सुशील रेखा बोथरा , संजय संगीता बुरड़ , नीतिन सारिका बाफना परिवार द्वारा संयम जीवन अनुमोदना रूपी बहुमान किया जावेगा ।

चेम्बर ने हवाई यात्रियों को एपेक्स फेयर की सुविधा प्रदान करने की मांग की

रायपुर 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर ने माननीय श्री राम मोहन नायडू जी नागरिक उड्डयन मंत्री, भारत सरकार , नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर प्रदेश के हवाई यात्रियों को एपेक्स फेयर की सुविधा प्रदान करने की मांग की गई। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने नागरिक उड्डयन मंत्री, भारत सरकार को पत्र के माध्यम से बताया कि वर्तमान में प्रदेश के हवाई यात्रियों द्वारा 90 दिन पूर्व या उससे भी पहले हवाई टिकट खरीदे जाने पर भी विमानन कंपनियों द्वारा प्रदेश के लोगों को एपेक्स फेयर का लाभ नहीं दिया जा रहा है। आज हवाई यात्रा आवागमन के लिए एक प्रमुख साधन बन चुकी है, जो समय की बचत और सुविधा प्रदान करती है। लेकिन हाल के महीनों में हवाई किराए में हुई भारी वृद्धि से प्रदेश के आम नागरिक मध्यम वर्गीय, निम्न वर्गीय परिवार और छोटे छोटे व्यापारी वर्ग जो व्यवसाय, शिक्षा, चिकित्सा, और अन्य महत्वपूर्ण कारणों से यात्रा करते हैं उन्हें हवाई यात्रा करने में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी क्रं ।45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26